# 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

## संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण के लिए जन जागरूकता जरूरी -पार्थ सारथी सेन शर्मा

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान इस वर्ष 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा, साथ ही 10 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य दस्तक अभियान भी चलाया जायेगा। इस संबंध में आज एनेक्सी भवन के सभागार में एक अन्तर्विभागीय बैठक प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने बताया कि राज्य स्तर से लेकर ब्लाक स्तर तक अन्तर्विभागीय बैठकों तथा सभी अनुषांगिक विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों के प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण के लिए तिथिवार विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने स्तर पर किये जाने वाले कार्यों का माइक्रो प्लान तैयार कर लें तथा उसका अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक आदेश भी जारी कर दें। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान सभी विभाग अपने कार्यों के साथ—साथ जन जागरूकता के लिए भी अभियान चलाये तथा समय—समय पर कार्यों की मानिटरिंग व फीडबैक भी प्राप्त करते रहे। कहा कि इस बार दस्तक अभियान एक सप्ताह अधिक चलाया जायेगा, इस कार्यक्रम के दौरान आशा व आगनबाड़ी कार्यकर्ता हर घर दस्तक देने के साथ—साथ परिवार की सभी सदस्यों का आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउन्ट) कार्ड भी बनायेंगे। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा तथा बाल विकास विभाग यह सुनिश्चित कराये कि उनके यहां पढ़ने वाले बच्चे ऐसे कपड़े पहने जिससे उनका शरीर ढका रहे तथा मच्छरों से अधिकतम बचाव हो सके। स्कूल में यदि किसी बच्चे को बुखार इत्यादि की समस्या हो तो तत्काल स्वास्थ्य टीम को सूचित करें। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग ग्राम्य विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग अपने अधिकारिता वाले क्षेत्रों में नियमित साफ—सफाई, एण्टीलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य कराये। संवेदनशील जगहों पर विशेष ध्यान दें।प्रमुख सचिव ने कहा कि निवारक व बचाव उपायों के द्वारा हमारा प्रयास रहेगा कि प्रदेश में कहीं भी कोई किसी प्रकार का आउटब्रेक न हो किन्तु यदि किसी जगह पर रोग चिन्हित हो तो त्वरित उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग भी तैयार रहे।श्री शर्मा ने कहा कि सभी अस्पताल मेडिकल कालेज संचारी रोगों के उपचार से संबंधित सभी आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टाक व उपकरणों की क्रियाशीलता सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि हमारे प्रयासों में सफलता के लिए सभी विभागों के द्वारा किये जा रहे कार्यों के साथ—साथ जन सहयोग भी आवश्यक है। जनसहयोग के लिए सभी विभाग अपने स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम भी अनिवार्य रूप से चलाते रहे।

## इलेक्टोरल बाण्ड काले धन को सफेद करने की भाजपाई गारंटी- अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि इलेक्टोरल बॉण्ड काले धन को सफेद करने की भाजपाई गारंटी है। इलेक्टोरल बॉण्ड 'ठसंबा डवदमल ज्वनत. पेउ' मतलब पैसा बाहर ले जाकर वापस लाने के शुद्धीकरण की भाजपाई गारंटी है। भाजपा अब सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग विपक्षी नेताओं को डराने, धमकाने और बदनाम करने के लिए कर रही है और इनके माध्यम से पूँजी घरानों से वसूली भी कर रही है।समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में आज अखिलेश यादव ने आज मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि तमाम कम्पनियों से चंदा के नाम पर जो वसूली की गई है वह न होती तो कम्पनी के तमाम कर्मचारियों की तनख्वा बढ़ती। उन्हें बोनस मिलता, नई नौकरियां मिलती लेकिन भाजपा तो पीडीए का हक मारने के लिए आरक्षण खत्म कर रही है। प्राईवेट वालों का सारा प्राफिट भाजपा इलेक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से हजम करने जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा खाऊ पार्टी है। भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी बढ़ी है। इसीलिए भाजपा हटाओं, नौकरी पाओ का नारा हर नौजवान को रट गया है। भाजपा ने जनता की जेबो में डांका डाल कर अपना खजाना भरा है। भाजपा की गलत नीतियों के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ है और असीमित भण्डारण से महंगाई बढ़ायी है। कहा कि वैक्सीन के लिए कम्पनी से 500 करोड़ रूपये लिए गए इसलिए जबर्दस्ती हमें आपको वैक्सीन लगवाई जा रही थी। चुनाव से पहले ये बातें आई हैं तो जनता इस बार भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेकेगी।

## प्रमुख वित्तीय लेखा को स्टेशन कायाकल्प में मिली खामियां

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ के विकास में खर्च हुए धन का स्थलीय निरीक्षण करने उत्तर रेलवे नई दिल्ली से आई प्रमुख वित्तीय लेखा (पीएफए एनआर) मंजूषा जैन और उनकी टीम को कदम—कदम पर खामियां मिली। बुनियादी सुविधाओं का कमतर ध्यान रखा गया। चीजों को ठीक ढंग से उपयोग में लाने की जरूरत नहीं समझी गई। काफी चीजें पुरानी मिली। जबकि इसमें बदलाव के लिए धन दिया गया है। इसको लेकर उन्होंने संबंधित अफसरों के प्रति नाराजगी दिखाई। रिपोर्ट के बाद कुछ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के भी संकेत मिल रहे हैं।एक तरफ रेल मंत्रालय मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन के कायाकल्प को लेकर पैसा पानी की तरफ बहा रहा है। यात्रियों को वो हर सुविधा देने को लेकर फिक्रमंद है। वहीं उसके ही अपने लोग प्रधानमंत्री की योजनाओं को पलीता लगाने से नहीं चूक रहे हैं। इसकी एक बानगी मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन पर शुक्रवार को देखने मिली। जिसमें सरकारी धन का सही तरीके से कितना उपयोग हुआ उसकी हकीकत जानने आई पीएफए टीम को कई जगह धन का दुरुपयोग मिला। प्लेटफार्म की शेड पर जताई नाराजगी— प्लेटफार्म दो और तीन के बीच टिन शेड में खामियां मिलने पर मंजूषा जैन ने नाराजगी जाहिर की। टूटी हुए पुरानी चद्दर को देखकर उन्होंने पूछा कि ऐसा क्यों हैं। उन्हें बताया गया कि टीआरडी वालों की वजह से। प्लेटफार्म पर चादर से ढककर बेतरबी से रखे गए वेंडर के सामानों पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की।टोटी खराब मिली— वित्तीय प्रमुख मंजूषा जैन को जगह जगह खराब और पुरानी टोटी मिली। उन्होंने पूछा यह सब क्या है! इसको बदला क्यों नहीं गया। फौरन बदलने को कहा। धन का बंदरबांट करने की चर्चा— जिन चीजों में बदलाव करने के लिए सरकारी धन आया था। उसका यहां के जिम्मेदार अफसरों ने बंदरबांट कर लिया है। जांच करने आई टीम के बीच चर्चा थी कि निर्माण कार्य में कई जगह नया बदलाव होना था। जो देखने को नहीं मिला हैं। प्लेटफार्म की फर्श से ही टीम खुश नजर नहीं आई फोटो को लेकर चिपके नजर आये मातहत— अधिकारी से दूरी बनाकर चलने के बजाय परिचालन और वाणिज्य विभाग के कर्मचारी उनका खघस बनने के चक्कर में फोटो खिंचवाने को लेकर चिपके नजर आए। कई जगह ऐसा देखने को मिला कामर्शियल का एक बंदा तो जगह जगह पोज देते नजर आया

## समाजिक विकास में सम्पूर्ण टीकाकरण का अहम योगदान-बृजेश पाठक

लखनऊ(आरएनएस)। बात अगर किसी समाज के विकास की आती है तो इसमें टीकाकरण का भी काफी योगदान होता है। यह टीका ही है जो हमें पूरे जीवन विभिन्न बीमारियों से लड़ने की शक्ति देता है और हम शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से विकसित हो पाते हैं। सिर्फ टीका न लगवा पाने से हमारे देश या प्रदेश की विकास दर काफी कम हो सकती है। इसलिए पूर्ण टीकाकरण अवश्य करवाएं। यह जिम्मेदारी हर मां—बाप की है। यह कहना है उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के एक दिन पूर्व उन्होंने दिवस की महत्ता के बारे में बताया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी बीमारी के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता यानि इम्युनिटी बढ़ाने के लिए टीकाकरण बेहतर और आवश्यक उपाय है। संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण सबसे उपयुक्त, प्रभावी और सस्ता उपाय माना जाता है। इसमें लापरवाही का खामियाजा बच्चे को बाद में असाध्य रोगी के रूप में भोगना पड़ता है। बच्चों को सुपोषित बनाने में भी टीका की बड़ी भूमिका है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है टीके सभी के लिए काम करें।टीकाकरण के बाद बुखार आना शुभ संकेत —

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि 16 मार्च वर्ष 1955 में देश में पोलियो का पहला टीका लगा था। तभी से इस दिन को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीका से हमने चेचक और पोलियो जैसी बीमारी पर विजय प्राप्त कर ली है। कई ऐसे टीके हैं जिनके लगने के बाद बुखार आदि महसूस होता है लेकिन इससे घबराएं नहीं बल्कि इसे बीमारी पर जीत का एक शुभ संकेत मानें। उन्होंने बताया कि खसरा और रूबेला को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में 12 जानलेवा बीमारी से लड़ने के लिए मां और उनके बच्चों को टीके लगाए जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखकर पांच साल, सात बार और 12 बीमारी खत्म का फार्मूला अपनाया जा रहा है। यानि पांच वर्ष तक सिर्फ सात बार नजदीकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र या चिकित्सा केंद्र पर संपर्क कर सम्पूर्ण टीका करवाया जा सकता है। डॉ. मनोज ने बताया कि पूर्ण नियमित टीकाकरण में हम लगातार प्रगति की ओर अग्रसर हैं। एचआईएमएस के अनुसार वर्ष 2020—21 में 83. 60 प्रतिशत का पूर्ण टीकाकरण हुआ। इसी तरह वर्ष 2021—22 में 85. 86 प्रतिशत और वर्ष 2022—23 में 98.39 प्रतिशत का लोगों ने सभी टीके अपनाए हैं। इस वर्ष 2023—24 में 97.61 प्रतिशत को पूर्ण टीकों से प्रतिरक्षित किया जा चुका है।

# सभी माइक्रो—इरीगेशन कम्पनियाँ एक—एक गोव गोद लें —डा. हीरा लाल

लखनऊ(आरएनएस)। डॉ हीरा लाल अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक समादेश विकास प्राधिकारी द्वारा लोगों से जलवायु परिवर्तन पर सोच विकसित करने और जल संरक्षण पर कार्य करने की अपील की। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें खेत की सिंचाई नहीं बल्कि फसल की सिंचाई करनी है, जिसके लिए पानी की हर एक बूंद का उपयोग करना है। उन्होंने कम पानी में अधिक फसल अधिक सिंचाई पर जोर दिया। डॉ हीरा लाल ने आये हुए समस्त माइक्रो—इरीगेशन के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे एक—एक गांव को गोद ले और वहां पर माइक्रो—इरीगेशन की पद्धति को अपना कर एक मॉडल प्रस्तुत करें, जिससे प्रेरित होकर अन्य गॉव के लोग भी इस पद्धति को अपना कर जल संरक्षण की दिशा में अपना प्रयास कर सकें।कार्यशाला में बोलते हुए प्रोफेसर मान सिंह रिटायर्ड प्रोजेक्ट डायरेक्टर वाटर टेक्नोलॉजी सेंटर नई दिल्ली द्वारा ड्रिप इरीगेशन को सबसे श्रेष्ठ माइक्रो—इरीगेशन का तरीका बताया। उन्होंने बताया की विगत कई दशकों के प्रयोग से यह सिद्ध हुआ है कि ड्रिप इरीगेशन प्रणाली से सभी देसी व विदेशी साग—सब्जियों की खेती में 50 प्रतिशत तक पानी का बचाव हुआ है तथा फसल उत्पादन में 2 से 3 गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने प्याज, लहसुन, कद्दु, भिंडी, लोबिआ, मूंगफली, मसूर के फसलों में माइक्रो—इरीगेशन का उपयोग करने का बल दिया।

आज रिवुलिस इरीगेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और ग्रेटर शारदा सहायक समादेश विकास प्राधिकारी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'कमांड एरिया डेवलपमेंट थ्रू माइक्रो—इरीगेशन' पर एक तकनीकी कार्यशाला होटल हिल्टन गोमती नगर लखनऊ में आयोजित की गयी। कार्यशाला को प्रारम्भ करते हुए डॉ योगेश बंधु स्टेट कोऑर्डिनेटर, वर्ल्ड बैंक द्वारा माइक्रो—इरीगेशन से सम्बंधित समस्त प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। कार्यशाला में राजीव यादव अपर आयुक्त ग्रेटर शारदा सहायक परियोजना द्वारा माइक्रो—इरीगेशन की आवयश्कता को फसल उत्पादन में अनिवार्य बताते हुए जल संरक्षण करने पर जोर दिया। प्रोफेसर रुपिंदर ओबेरॉय किरोड़ीमल कॉलेज, नई दिल्ली द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया की वर्तमान में विश्व में जल संकट सबसे बड़ी चुनौती है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण यह समस्या और भी जटिल होती जा रही है। इस संकट से निजात पाने के लिए हमें नवाचार की आव्यशकता है, जिसके लिए माइक्रो—इरीगेशन सबसे उत्तम पद्धति है।कार्यक्रम में रिवुलिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री कौशल जायसवाल द्वारा कहा की रिवोलिस संस्था माइक्रो—इरीगेशन की दिशा में उठाये गए प्रत्येक कदम का समर्थन करती है, उन्होंने बताया की माइक्रो—इरीगेशन से हम पानी की प्रत्येक बूँद का उपयोग कर सकते हैं। विभिन्न जिलों में कमांड डेवलपमेंट के लिए जो भी कार्य किये जायेंगे संस्था उसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। कार्यशाला में कई तकनीकी सत्र आयोजित किये गए, जिसमें माइक्रो—इरीगेशन के उपयोग और उसकी उपयोगिता के सन्दर्भ में विस्तार से चर्चा की गयी। तकनीकी सत्र में रिवुलिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संतोष पाटिल, लाल बहादुर जोशी, अशोक मुद्गल कर, मुनीश गंगवार प्रेजिडेंट मॉडल गांव, आर0 के0 सिंह अपर निदेशक एग्रीकल्चर तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों और माइक्रो—इरीगेशन की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अपने—अपने विचार रखे गए। कार्यक्रम का समापन डॉ योगेश बंधु स्टेट कोऑर्डिनेटर वर्ल्ड बैंक (त्ळ—2030) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## विद्युत पोल गाड़कर तार बदलना भूल गए बिजली कर्मचारी,

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। महेशगंज के बहोरिकपुर विद्युत उपकेंद्र के लखपेड़ा बाजार में एलटी लाइन विद्युत तार जर्जर हो जाने पर आए दिन तार गिरने की शिकायत पर लखपेड़ा बाजार में एलटी लाइन विद्युत तार को पिछले वर्ष माह जून में बदल कर केविल तार लगाया गया। जो विद्युत पोल छीर्ण हो गये थे उनके स्थान पर नया पोल गाड़कर केविल तार लगाया गया। लखपेड़ा बाजार तिराहे पर लगा पोल अज्ञात वाहन की टक्कर से दो वर्ष से जर्जर हो गया था। पोल में लगे तारों के सहारे खड़ा था। जिसे चोरों ओर से नंगे तारों से स्टे लगा कर रोका गया था। इसी पोल के बगल नया पोल गाड़ दिया गया। लेकिन केविल बदलना कर्मचारी भूल गए। टूटा पोल पूरी तरह सड़क की ओर झुक गया है। राहगीरों एवं स्थानीय लोगों के ऊपर केविल तार सहित पोल गिरने का खतरा बना रहता है। स्थानीय राम अधार यादव, नन्हे लाल गुप्ता, सरदार पाल, अनीश अहमद गुड्डू पांडे, आदि दुकानदारों ने पुराने जर्जर पोल के बगल गड़े नये पोल में केविल तार लगाए जाने की मांग किया है जेई अविनाश कुमार का कहना है कि केविल तार लगाने वाली कंपनी ठेकेदार को अवगत करा दिया है।

## मनरेगा में अनियमितता पाये जाने पर ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक व सचिव से की गयी वसूली

लखनऊ(आरएनएस)। जनपद अम्बेडकर नगर के विकास खण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत अरमां में मनरेगा कार्यों में अनियमितता व भ्रष्टाचार की आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत की जांच ग्राम्य विकास आयुक्त द्वारा करायी गयी, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर जिला अम्बेडकर नगर द्वारा की गयी जांच में दोषी पाए जाने पर ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक व सचिव से कुल रू 56304ध— की वसूली की गयी है। वसूली की धनराशि मनरेगा के सम्बन्धित खाते में जमा करायी गयी है एवं एक ही कार्य पर दो बार भुगतान करने के सम्बन्ध में सम्बन्धितों के विरुद्ध

# पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में एफ0डी0आर0 टैक्नोलाजी लागू एवं क्रियान्वित करने वाला उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य – केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उनकी पहल पर उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित की जा रही सड़कों में एफ डी आर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में अधिक से अधिक एफ डी आर तकनीक का उपयोग किया जाय।पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में एफ०डी०आर० टैक्नोलॉजी लागू एवं क्रियान्वित करने वाला उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है।उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार एफ०डी०आर० तकनीक सड़कों के निर्माण में प्रति किमी० लगभग 100 ट्रक (1600 क्यूबिक मीटर) एग्रीगेट तथा इस एग्रीगेट के सापेक्ष ट्रान्सर्पाटेशन में प्रति किमी० लगभग 12000 लीटर डीजल ध्फ्यूल की बचत हो रही है और एफ०डी०आर० तकनीक से निर्मित मार्गों की लागत कन्वेंशनल तकनीक से बने मार्गों की लागत से लगभग 20 प्रतिशत कम होती है। एवं हाईऐन्ड मशीनरी यूज होने के कारण एक दिन में लगभग 500 मीटर एफ०डी०आर०बेस का निर्माण पूर्ण होता है। एफ०डी०आर० तकनीक से कार्बन फुट प्रिन्ट को कम किया जा रहा है तथा यह तकनीक पर्यावरण के अनुकूल है। उत्तर प्रदेश मार्ग निर्माण की ग्रीनध्न्यू टैक्नोलॉजी फुल डेप्थ रिक्लमेशन के क्रियान्वयन में अग्रणी है तथा देश में फुल डेप्थ रिक्लमेशन (एफ०डी०आर० टैक्नोलॉजी) लागू एवं क्रियान्वित करने वाला प्रथम राज्य है। देश के समृद्ध विकास में ग्रामीण मार्गों की अहम भूमिका है। फुल डेप्थ रिक्लमेशन टैक्नोलॉजी में अलग से गिट्टी (एग्रीगेट) का प्रयोग नहीं किया गया है, जिसके कारण प्राकृतिक एवं राष्ट्रीय संसाधनों का दोहन नहीं हो रहा है ।ग्रामीण जीवन में समृद्ध विकास, बदलाव एवं खुशहाली लाने हेतु उत्तर प्रदेश यथासम्भव निरन्तर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् निर्मित मार्गों से देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक सेवायें, एग्रीकल्चर इन्कम में वृद्धि, स्कूल ध्ग्रामीण एग्रीकल्चर मार्केट, अस्पताल को बेहतर रोड से जोड़ने का कार्य सुदृढ़ हुआ है। ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क तथा इम्प्लॉयमेन्ट में क्रान्ति आयी है।

## भूमिधरी जमीन पर कुंडा पुलिस के सह पर अवैध कब्जा करने का आरोप

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के जमेठी मलाकातारा के रहने वाले अशोक कुमार मिश्रा पुत्र देव मूर्ति मिश्र ने पुलिस की सह पर जमीन कब्जे का आरोप लगाया है। आरोप है कि जमेठी में स्थित भूमि धरी जमीन संख्या 1705 पर दीवानी न्यायालय के स्थानादेश के बाद कुंडा कोतवाली पुलिस के सह पर पड़ोसियों ने अवैध कब्जा कर लिया है। पीड़ित अशोक कुमार मिश्र ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया है। कहा है कि बीते दिनों गाटा संख्या 1705 पीड़ित के नाम दर्ज भूमि धरी जमीन है। जिस पर पड़ोसी द्वारा दर्जनों की संख्या में लोगों को इकट्ठा कराकर जबरदस्ती अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पीड़ित का आरोप है कि कुंडा पुलिस को बार—बार सूचना देने के बाद भ अवैध निर्माण को नहीं रूकवाया। कोतवाली से पुलिस ने डांट कर भगा दिया हल्का एस आई के ऊपर पीड़ित ने पैसा लेने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर अवैध निर्माण करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई का मांग करते हुए जान माल की सुरक्षा की मांग की है।

## यूपी 112 के जवानों ने चोरी कर भाग रहे चोर को पिकप सह्ति दौड़ाकर पकड़ा

प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के केवरा बाजार से लगभग रात 2 बजे डायल 112 को चोरों के बारे में सूचना दी गई। बताया गया कि चार से पांच अज्ञात व्यक्ति क्षेत्र में स्थित प्रतिष्ठान की दुकानों से फ्रीज, व कुछ अन्य सामान चुरा कर गीता नगर की तरफ भाग रहे है। सूचना मिलते ही पीआरबी 1982 व 2018 के जवान मौके पर पहुंच कर घेरा बंदी कर ली। 1982 पर तैनात अभिनाश यादव, अंकुर यादव, ड्राईवर लाल चंद्र व 2018 पर तैनात अनवर अली, ड्राईवर विजय सिंह ने एक चोर को मौके से पिकप सहित दबोच लिया। पुलिस ने पिकप सहित चोर को फतनपुर थाने में सुपुर्त कर दिया।ग्रामीणों ने यूपी 112 पुलिस की सराहना की।

# चुनावी बान्डस के सबसे बड़े घोटाले पर बीजेपी श्वेत पत्र नहीं ले आती तो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो जांच– प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने पेट्रोल तथा डीजल के दामों में दो रूपये की कटौती को बड़ी चोरी छिपाने का मोदी सरकार का बताया झांसा

सवाददाताा।

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने आजाद भारत के सबसे बड़े चन्दा घोटाले के लिए शुक्रवार को भाजपा पर तगड़ा हमला बोला है। उन्होने कहा कि तेरह हजार करोड़ रूपये से अधिक जबकि इसमे एक साल की वसूली अभी सम्मिलित नही है के इलेक्ट्राल बॉन्ड के खुलासे में भाजपा रंगे हाथो पकड़ी गयी। केन्द्रीय चुनाव आयोग द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इलेक्ट्रॉल बॉन्डस को सार्वजनिक किये जाने पर प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि इससे देश के सामने भाजपा का दुनिया का सबसे बड़ा चन्दा स्कैम सामने आ गया है। उन्होने कहा कि इस खुलासे से देश के सामने नैतिकता तथा ईमानदारी का ढोंग रचने वाली भाजपा की इतिहास की सरकारी एजेन्सियों की रेड डलवाकर और भय दिखाकर गुण्डाटैक्स की पराकाष्ठा कहा है। उन्होनें कहा कि यह आईने की तरह साफ है कि अब देश के सामने बीजेपी की इस सबसे बड़ी लूट से भी पर्दा उठ गया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बतौर उदाहरण कहा कि फॉर्चून जैसी कंपनी जिनके यहां सरकारी एजेन्सियो ने जिन तारीखों में छापेमारी की उसके कुछ ही दिन बाद लगभग पांच सौ करोड़ रूपये कंपनी द्वारा भाजपा के खाते में बतौर चन्दा भेजा गया। श्री तिवारी ने कहा कि आश्चर्य है कि भाजपा के खाते में चन्दा जाते ही कंपनी का प्रकरण ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा को खुली चुनौती देते हुए कहा है कि उसमे साहस है तो प्रेस कांफ्रेस के जरिए किस किस से कब कब कितना चंदा लिया गया है उस पर श्वेत पत्र जारी करे। उन्होने कहा कि पहले इन कंपनियों को एक से दोगुना दामों पर चीजें बेंचने की छूट दी गयी। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि हद तो तब हो गयी जब सरकार के इशारे पर पहले कंपनियों पर सरकारी एजेन्सियों को इस धमकी टैक्स के लिए लगाया गया। उन्होने यह भी कड़वा आरोप जड़ा है कि मोदी सरकार ने स्वदेशी वैक्सीन के नाम पर कोवीशील्ड के सीईओ अदार पूनावाला को लगभग इतने का कही इलेक्ट्रॉल बाण्ड भाजपा को देने के लिए देश में कारगर सस्ती और अच्छी वैक्सीन क्यों नही आने दी ? राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि जब सरकारी एजेन्सियो की छापेमारी शुरू हुई और जैसे ही कंपनियों ने भाजपा को चुनावी बॉन्डस के तहत करोड़ो करोड़ का लाभ पहुंचाना शुरू किया। बकौल प्रमोद तिवारी फिर ईडी और सीबीआई इन कंपनियों से जुडी कार्रवाईयों से एकाएक अपने को किनारे कर लिया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि चुनावी बान्डस को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ही देश के सामने यह सच सामने आ गया है कि आज भाजपा के वित्तीय खातों से आम आदमी और साधारण तबके के गरीब आदमी की जेब से पूंजीपतियों तक पहुंची लूट सामने आ रही है। उन्होनें सर्वोच्च न्यायालय को चुनावी बॉन्डस को लेकर ऐतिहासिक फैसले के तहत इस कड़वी सच्चाई को सामने लाने के लिए जनता की ओर से आभार भी जताया है। उन्होने सुप्रीम कोर्ट से यह भी मांग उठाई है कि जिस तरह से उसने चुनावी चंदे के स्कैम को लेकर दूध का दूध और पानी का पानी किया अब यदि भाजपा इसका श्रोत न बताये तो सुप्रीम कोर्ट को इसकी जांच स्वयं की निगरानी में करानी चाहिए। उन्होने कहा कि आजाद भारत के सबसे बड़े चन्दा स्कैम के इस खुलासे के बाद अब प्रधानमंत्री को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए सम्पूर्ण राष्ट्र से क्षमायाचना करनी चाहिए। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल तथा डीजल के दामो मे दो रूपये टैक्स मे कमी किये जाने को मोदी सरकार के सत्ता से जाते जाते जनता को अपनी बडी चोरी छिपाने का झांसा करार दिया है। उन्होने कहा कि सरकार ने दो रूपये की कमी वह भी पेट्रोल तथा डीजल के टैक्स में कटौती कर चुनाव के समय देश की जनता का ध्यान अर्थव्यवस्था में अस्थिरता से अपनी कमी को छिपाने का असफल प्रयास ही किया है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि सन 2014 के पहले कच्चे तेल का दाम गिरा था। यह एक सौ नौ डॉलर प्रति बैरल से लेकर एक सौ उन्तालिस डालर प्रति बैरल हुआ। इसके बावजूद राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने दावे के साथ कहा है कि यूपीए सरकार ने उस समय पेट्रोलियम पदार्थो के मूल्य नही बढ़ाए। उन्होने कहा कि आज अर्न्तराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल सत्तर से अस्सी डालर प्३

## मनरेगा में सामग्री मद में 06 अरब 34 करोड़ से अधिक की धनराशि की स्वीकृति की गयी प्रदान

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत सामग्री मद में प्रथम भाग की तृतीय किस्त की कुल धनराशिरू 6,34,79,66,666.00 (रू0 छः अरब चौंतीस करोड़ उन्यासी लाख छरू सौ छाछठ मात्र) पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये ग्राम्य विकास आयुक्त के निवर्तन पर रखे जाने एवं व्यय किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का ससमय सदुपयोग नियमानुसार निर्धारित दिशा—निर्देशो के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## डीएम व एसपी ने मतेदय स्थलों का किया निरीक्षण, कहा निर्भीक होकर करें मतदान

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बुधवार को कोहड़ौर के प्राथमिक विद्यालय गौरा एवं बाबा बेलखरनाथधाम क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पड़रीजबर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने ग्रामीणों से कहा कि चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार करें। डरें मत निष्पक्ष, सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव सम्पन्न होगा। बूथों पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय, छांव, रंगाई—पुताई आदि मूलभूत व्यवस्थायें देखी। जो कमियां मिली उसे जल्द दुरूस्त कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

## उपहार पाकर खुश हुए नौनिहाल

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। सदर ब्लाक के रामपुर गौरी प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपहार पाकर नौनिहालों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्याय सत्य प्रकाश पांडेय, सदर ब्लाक के अध्यक्ष प्रभाकर प्रताप सिंह मंत्री राजीव गुप्ता, समेत कई शिक्षकों ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। हेडमास्टर रमा शुक्ला ने आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। बताया कि स्कूल में पूजन और हवन का भी कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। क्लास पांच के बच्चों को टिफिन और बाकी को स्टेशनरी पुरस्कार में दिया गया।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 16 मार्च 2024
sheelshukla100@gmail.com


# राजकीय संग्रहालय की नवनिर्मित दीर्घा का वर्चुअल लोकार्पण किया

## मेयर, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य अतिथियों ने फीता काटकर शुभारंभ किया

## एबेकस प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्र चैम्पियन

लखनऊ, 15 मार्च। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा–6 के छात्र अर्णव पाण्डेय ने एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन ट्राफी अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट–2024 के अन्तर्गत आयोजित की गई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस के इस मेधावी छात्र ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चौम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।




सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रेरित करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

## मैं जनता का सेवक उनकी सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य है - डॉ संतोष मिश्रा

जय प्रकाश मिश्रा जौनपुर। समाजसेवी डॉ संतोष मिश्रा राजा ने चुनाव की दृष्टिगत दर्जनों गांव के लोगों से मुलाकात कर मांगा आशीर्वाद। मिश्रा के दर्जनों गांव के भ्रमण से विपक्षी खेमों में हलचल सी मंच गई है। सूत्रों की माने तो राजा संतोष मिश्रा बसपा लोकसभा 73 के प्रत्याशी हो सकते हैं। ब्राह्मण मतदाता लोकसभा जौनपुर में ढाई लाख के ऊपर है और संतोष ब्राह्मणों व अन्य जातियों को अपने तरफ करने में कामयाब होंगे। ब्राह्मणों में उनकी छवि बेहद लोकप्रिय है।इसके साथ ही ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। यह लोगों के दुख सुख में सदैव सम्मिलित होते रहे हैं और यथाशक्ति लोगों का मदद करते रहते हैं।इसलिए जौनपुर की जनता को ऐसे प्रत्याशी तलाश है जो उनके सुख–दुख व क्षेत्र के विकास करने में मिल का पत्थर साबित होगा। मिश्रा का मानना है कि हमारे पास सब कुछ है मुझे किसी प्रकार से धन की लालसा नहीं है मैं तो जनता का सेवक और उनकी सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य है।आप सब की सेवा के सदैव खंडा रहूंगा। अगर जनता जनार्दन का आशीर्वाद और सहयोग रहा तो जौनपुर को एक नई शिखर पर पहुंचने का प्रयास करूंगा।



## झाँसी CAA का मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने समर्थन किया

झांसी! शुक्रवार को नमाज के बाद मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अकीलउध्दीन कानपुर प्रांत मदरसा प्रकोष्ट संयोजक ने मुसलमानों को CAA के बारे में समझाया कि CAA नागरिकता देने का काम करती है न कि नगरिकता छीनने का। भारत में किसी भी मुसलमान की नागरिकता समाप्त नहीं होगी यह नागरिकता पाकिस्तान, बांग्लोदश व अफगानिस्तान से शारणार्थी आये हैं जैसे हिन्दु, जैन, सिख, ईसाई, पारसी आदि जिनका इन देशों में शोषण हो रहा था। भारत इन देशों के शारणाथियों को नागरिकता प्रदान करेगा। भारत में रह रहे मुसलमानों को किसी भी तरह से डरने की जरूरत नहीं है। यह बात स्वंय प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह जी एवं रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह जी भी कह चुके है कि भारत में मुसलमानों की नागरिकता पर कोई भी आच नहीं आयेगी। इस मौके पर रहीश, जावेद, हाफिज शारिकउद्दीन, निजाम, अनीस आदि लोग उपस्थित रहे।

## झांसी में श्री कान्हा जी इंटरप्राइजेज ने आइसक्रीम ब्रांड डॉल्सी किया लॉन्च

झांसी! श्री कान्हा जी एंटरप्राइजेज मैं एक प्रीमियम आइसक्रीम ब्रांड डोलची लॉन्च किया गया कंपनी के अनुसार डॉल्सी को आधिकारिक तौर पर 16 साल से उत्तर प्रदेश के नवाबों के शहर लखनऊ से लांच किया गया, साथ ही आज झांसी में आधुनिक व्यापार दुकानों में चुनिंदा उपलब्धता के साथ लॉन्च किया गया

ब्रांड लॉन्च के बारे में बात करते हुए मनोज मिश्रा सेल्स हेड ने कहां है भारतीय आइसक्रीम बाजार में उपभोक्ताओं के बीच प्रीमियम प्राथमिकताओं की ओर उल्लेखनीय बदलाव देखा गया है जो उच्च गुणवत्ता और विशिष्ट आइसक्रीम बाजार की बढ़ती मांग का संकेत देता है उपभोक्ताओं की बदलती जीवन शैली और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की प्रति बढ़ती सरहाना और वैश्विक आइसक्रीम स्वादों की चाहत के साथ हमारा ब्रांड डॉल्सी का लक्ष्य उन उपभोक्ताओं के लिए बाजार में कमी को पूरा करना है जो शानदार और असाधारण आइसक्रीम अनुभव चाहते हैं इसी के साथ अंकित राय ने कहा है कि झांसी में हमारे द्वारा डॉल्सी आइसक्रीम लॉन्च की जा रही है जिसके माध्यम से हम झांसी की जनता को उचित गुणवत्ता वाले आइसक्रीम एवं उनसे एक बार सेवा का मौका अवश्य प्राप्त करने का आग्रह करते हैं वहीं दूसरी ओर कंपनी के ASM अविनाश ठाकुर ने कहा है कि हमारी विनिर्माण क्षमता और जुड़ा हुआ वितरण नेटवर्क हमारे प्रतिस्पर्धा पर बढ़त प्रदान करता है डॉल्सी शिल्प कौशल उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और स्वादिष्ट स्वादों का सही संतुलन का प्रतीक है वर्तमान में हमने अपना पोर्टफोलियो तीन रूपों में तप सटीक और कप के साथ लांच किया है डॉल्सी के लॉन्च कार्यक्रम में लखनऊ सेल्स हेड मनोज मिश्रा डिस्ट्रीब्यूटर अंकित राय ASM अविनाश ठाकुर के साथ रामायण सीरियल के अभिनेता असलम एवं प्रशांत राय पियूष राय मौजूद रहे



झांसी! राजकीय संग्रहालय में अति आधुनिक तकनीकि से निर्मित विभिन्न क्षेत्रों से लाई गई ऐतिहासिक मूर्तियों के संग्रह की नवनिर्मित दीर्घा का प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल लोकार्पण किया तथा जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवनिर्मित विथिकाओ का अवलोकन करने के उपरान्त मेयर बिहारीलाल आर्य ,झांसी सदर विधायक रवि शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम एवं भारतीय पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार तिवारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

राजकीय संग्रहालय के उप निदेशक डॉ मनोज कुमार गौतम ने उपस्थित अतिथियों को नई दीर्घा के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल एवं थ्री डी तकनीकि से निर्मित यह दीर्घा देश की अति आधुनिक दीर्घा में से एक है। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर राइडिंग नए राजकीय संग्रहालय का आकर्षण होगा तथा यहां आकर लोग बुन्देलखण्ड की विरासत के विषय में जान सकेंगे।

विधायक रवि शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवा पीढ़ी को धरोहरों के इतिहास से अवगत कराकर नए भारत के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

मेयर बिहारीलाल आर्य ने कहा कि यह म्यूजियम आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए ज्ञान अर्जन का माध्यम बनेगा । जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार जन जन को बुन्देलखण्ड के इतिहास से परिचित कराएगी।

डॉ प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि राजकीय संग्रहालय के नवीनीकरण से देशी विदेशी पर्यटकों आकर्षित होंगे एवं देश विदेश से आए सैलानी यहां के इतिहास से रूबरू होंगे।

इस अवसर पर झांसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आलोक यादव,सचिव उपमा पाण्डेय एवं नगर निगम के आयुक्त सत्यप्रकाश उपस्थित रहे।



## अधिवक्ताओं ने दीवानी गेट पर जड़ा ताला और लगाये चीफ जस्टिस मुर्दाबाद के नारे

सुल्तानपुर (आरएनएस)। दीवानी न्यायालय गेट पर शुक्रवार अधिवक्ताओं ने ताला जड़ दिया। बार एसोसिएशन के बैनर तले लामबंद अधिवक्ता सरकार के विरोध में नारेबाजी करते देखे गए। अधिवक्ताओं ने चीफ जस्टिस मुर्दाबाद, योगी–मोदी होश में आओ के नारे लगाए। ये नारे भी अधिवक्ताओं की ओर से लगाए गए कि जो अधिवक्ता से टकरायेगा चूर–चूर हो जाएगा। दरअस्ल कादीपुर और अखंडनगर दो थानों को कादीपुर ज्यूडिशियरी से जोड़कर नोटिफिकेशन जारी होने से अधिवक्ता नाराज हैं। दीवानी न्यायालय के सामने बड़े पैमाने पर अधिवक्ताओं ने सड़क पर बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन रोक दिया है। हजारों की संख्या में अधिवक्ता सड़क पर हैं और मुकदमों के कार्य ठप हो गए हैं। ऐसे में वादकारियों और न्यायिक अधिकारियों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में बार अध्यक्ष अरविंद पाण्डेय ने बताया कि जिस दिन से हमको जानकारी हुई हमने अपना प्रयास जारी कर दिया। प्रशासनिक जज से हमारा डेलीगेशन मिलने गया था उन्होंने अपनी मजबूरी बताया कि अब नोटिफिकेशन जारी हो चुका है कुछ नहीं कर सकते। हमने देखा ये लोग साजिश करके विकेंद्रीकरण करना चाहते हैं, नोटिफिकेशन में जो शर्तें दी गई थी उनके पूरा हुए बगैर ही आऊट लाइन कोर्ट को दो थाने ट्रांसफर कर दिए। जिसको लेकर अधिवक्ताओं को समस्या हो रही।

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर हुई बैठक

अयोध्या(आरएनएस)। जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद स्तर पर गठित विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के नामित नोडल अधिकारियों के साथ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण तथा निर्वाचन जब्ती प्रबन्धन प्रणाली (ई0एस0एम0एस0) के सम्बंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निवार्चन अधिकारी ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चुनाव से सम्बंधित सभी कार्मिक एवं अधिकारी आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पारदर्शी ढंग से सभी कार्यों को सुनिश्चित करें। सभी लोग न्यायप्रिय कार्य करें। सभी पार्टियोंध्प्रत्याशियों के साथ समान व्यवहार करें। सभी विभागों के अधिकारी माननीय आयोग की गाइडलाइन का गहन अध्ययन कर लें और सुनिश्चित करें कि किसी को किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे। आयोग के नियमोंध्आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों का तत्काल नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की जाए। बैठक में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के साथ ही निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण तथा निर्वाचन जब्ती प्रबन्धन प्रणाली के सम्बंध में आयोग के नियमों एवं दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रणव जैन, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, एस0पी0 ग्रामीण, मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती ममता सिंह, सम्भागीय निरीक्षक परिवहन विभाग, जिला आबकारी अधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक, उप कमांडेंट सीआईएसएफ, मुख्य राजस्व अधिकारी सहित अन्य विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के नामित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## अविवि ने पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित की

–अभ्यर्थी शुल्क के साथ 25 मार्च व विलम्ब शुल्क के साथ 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे

अयोध्या(आरएनएस)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने छात्रहित को देखते हुए पीएचडी सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित की। अभ्यर्थी आवेदन शुल्क के साथ 25 मार्च तक व विलम्ब शुल्क के साथ 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन की तिथि 15 मार्च एवं विलम्ब शुल्क के साथ 23 मार्च निर्धारित थी।

पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फर्रुख जमाल ने बताया कि पीएचडी प्रवेश के लिए कुल 28 विषयों में ऑनलाइन आवेदन शुरू है। कुलपति के निर्देश पर छात्रहित को देखते हुए अभ्यर्थी के लिए अंतिम तिथि 15 मार्च से बढ़ाकर 25 मार्च कर दी गई है। विलम्ब शुल्क के साथ 31 मार्च तक अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि परिसर के बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित एवं सांख्यिकी, पर्यावरण विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विषय में पीएचडी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। वहीं अप्लाइड साइंस एवं ह्यूमिनिटी में गणित, भौतिकी तथा वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, भौतिकी, वाणिज्य, प्राचीन इतिहास, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, उर्दू विषय में पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की विस्तारित तिथि विश्वविद्यालय

## सपाइयों ने मनाई कांशीराम की जंयती

अयोध्या(आरएनएस)। सपा महानगर कार्यालय पर मान्यवर कांशीराम जी की जंयती मनाई गयी, जयंती के मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि कांशीराम भारतीय राष्ट्रीय राजनीति के परिदृश्य में एक चमकता हुआ सितारा थे. उन्होंने दलित राजनीति में एक विशिष्ठ स्थान बनाया. वे अपनी राजनीति से ज्यादा दलितों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि कांशीराम ने सादगी अपनाते हुए दलितों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था. उन्होंने खुद को अपने परिवार से पूरी तरह से अलग कर दिया था. उन्हें हमेशा बसपा सुप्रीमो कहा जाता था. वास्तव में वे जमीनी कार्यकर्ता थे और हमेशा लोगों को अपने आंदोलन में जोड़ने की कोशिश करते थे महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया . इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, जिला सचिव अंसार अहमद बब्बन, महानगर उपाध्यक्ष संजय सिंह,जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा दान बहादुर सिंह,महासचिव डा घनश्याम यादव, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, प्रदेश सचिव मजदूर सभा अखिलेश चतुर्वेदी, राजेश कोरी इत्यादि लोग मौजूद थे।

## ग्राम पंचायतों में चौपाल आयोजित कर गेहूँ खरीद हेतु करें प्रचार-प्रसार

### गेहूं खरीद केन्द्र पर किसानों को ना हो कोई समस्या, सभी व्यवस्थाएं करें मजबूत

झांसी! जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जनपद में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद वर्ष 2024–25 में गेहूँ के समर्थन मूल्य का अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिलाए जाने हेतु अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में चौपाल के माध्यम से गेहूं क्रय केंद्र पर फसल विक्रय करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में आज जिला खाद्य विपणन अधिकारी श्री नमन पाण्डेय, गेंहू क्रय केन्द्र प्रभारी टहरौली श्री युवराज सिंह, विपणन निरीक्षक एवं गेहूँ क्रय केन्द्र प्रभारी बामौर, श्री सुशील कुमार, विपणन निरीक्षक के साथ क्रमशः तहसील टहरौली के अन्तर्गत ग्राम बमनुआ एवं तहसील गरौठा के अन्तर्गत ग्राम बामौर में किसानों के मध्य चौपाल का आयोजन करते हुये किसानों को अवगत कराया गया कि ष्मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेंहू खरीद वर्ष 2024–25 में गेंहू के समर्थन मूल्य में गत वर्ष की अपेक्षा रू0 150 प्रति कुन्टल की वृद्धि की गयी है तथा केन्द्र पर गेंहू की उतराई, छनाई में होने वाले व्यय अधिकतम रू0 20 प्रति कुन्टल की दर का भुगतान कृषकों को पीएफएमएस के माध्यम से समर्थन मूल्य के अतिरिक्त किया जायेगा साथ ही कृषकों को सरकारी क्रय केन्द्र पर विक्रय हेतु प्रोत्साहित किया गया



## एनएसएस व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच डा एनसी तिवारी

अमानीगंज–अयोध्य(आरएनएस)। संत भीखादास रामजस स्नातकोत्तर महाविद्यालय की तीन इकाइयों में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। विशेष शिविर में संत भीखादास रामजस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 100 छात्र, संत परमहंस गुरु प्रसाद बालिका महाविद्यालय के 100 छात्र तथा मां वैष्णो देवी नक्छेद तिवारी गर्ल्स इंस्टिट्यूट के 50 छात्र सम्मिलित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ एनसी तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है। एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में नैतिकता, अनुशासन, सद्भावना व नेतृत्व करने का पाठ पढ़ाता है। प्राचार्य डॉ सर्वेश तिवारी ने कहा कि शिविरों से छात्रों के व्यक्तित्व का चौमुखी विकास होता है। एनएसएस के छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए पालीथीन हटाओ धरती बचाओ पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर के विभिन्न दिनों में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र–छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ देव कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर निदेशक शैलेश तिवारी,एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ चंद्रशेखर पांडे, डॉ ओमप्रकाश तिवारी, डॉ स्वामी शरण दुबे, डॉ प्रभात दुबे, डॉ सीबी सिंह, डॉ भूपेंद्र तिवारी, आदि मौजूद रहे।

## बसपा ने अयोध्या में ब्राह्मण चेहरे पर लगाया दांव

अयोध्या(आरएनएस) । फैजाबाद लोकसभा से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे सच्चिदानंद पांडे उर्फ सचिन, टिकट की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी, कांसीराम के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सच्चिदानंद पांडे उर्फ सचिन, भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल हुए हैं सच्चिदानंद पांडे लोकसभा प्रभारी सच्चिदानंद पांडे कहा कि अंबेडकरनगर भी अवध क्षेत्र में आता है, मैं अवध का वासी हूं, अयोध्या जिला भी मेरा जिला है और यहां के लोग भी मेरे अपने हैं, हम धर्म की आधार पर नहीं लड़ेंगे चुनाव, स्थानीय मुद्दों पर लड़ेंगे चुनाव, कौन सा दल यहां के लोगों का भला चाहता है इसी मुद्दे पर लड़ेंगे चुनाव, फैजाबाद लोकसभा से भारी मतों से चुनाव बसपा जीतेगी, हमारा मोटो है, सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय, दलित समाज और ब्राह्मण समाज ही यहां के स्तंभ है, दोनो स्तंभ पर कोई ध्यान देता है तो हमारी नेता है बहन कुमारी मायावती प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पूरे प्रदेश में बसपा की तैयारी है, बसपा का गठबंधन किसी दल से नहीं जनता से है, 2007 में जनता के गठबंधन से ही बसपा की सरकार बनी थी, जनता का गठबंधन चाहे मुस्लिम समाज का हो दलित समाज का हो पिछड़ा वर्ग का समाज हो चाहे ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य समाज हो जब जनता का गठबंधन बनेगा तो 2007 के तर्ज पर इस उत्तर प्रदेश में बड़े दल के रूप में बहुजन समाज पार्टी उभर कर आएगी, चाहे इंडिया हो चाहे एनडीए दोनों गठबंधन फेल हो जाएंगे, किसी भी दल को धर्म की राजनीति नहीं करनी चाहिए,भारत देश विभिन्न धर्म का देश है, यह देश डॉक्टर बी आर अंबेडकर के बने संविधान पर चलता है, बाबा साहब ने सभी धर्म के लोगों को अपने संविधान में जगह दिया है, धर्म एक विश्वास की चीज एक आस्था की चीज है, इसको राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए कार्यक्रम में राम जी सोनी अयोध्या विधानसभा उपाध्यक्ष जुनैद अहमद जिला उपाध्यक्ष हारुन अंसारी दीपू कोरी मुनव्वर हुसैन मीडिया प्रभारी मुस्तफा मौजूद रहे।

## विवि की एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 18 मार्च से शुरू होगी

अयोध्या(आरएनएस)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रि–वर्षीय व पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 18 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक चलेगी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नकलविहिन परीक्षा कराने के लिए सात जनपदों में कुल 12 केन्द्र बनाये गए जिनमें 37 लॉ कालेजों की एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा होगी। इस परीक्षा में 6500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर 18 मार्च से एलएलबी त्रि–वर्षीय व पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर परीक्षा शुरू होगी। यह परीक्षा अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी, गोण्डा, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर व बहराइच जिलों में 28 मार्च तक चलेगी। इन केन्द्रो पर अपराह्न दो बजे से सांय पांच बजे तक परीक्षा कराई जायेगी।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 16 मार्च 2024
sheelshukla100@gmail.com


# मुलतान सुलतान ने जेलानी पेशवर को हराया, लगातार चौथे पीएसएल फाइनल में पहुंची



बाबर आजम की अगुआई वाली पेशावर जाल्मी को सोमवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा जब वह इस्लामाबाद यूनाईटेड और क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बीच शनिवार को होने वाले एलिमिनेटर की विजेता से भिड़ेगी।

मुल्तान सुल्तांस ने एकतरफा क्वालीफायर में पेशावर जाल्मी को सात विकेट से हराकर लगातार चौथे पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) फाइनल में प्रवेश किया। मुल्तान सुल्तांस ने 2021 में पीएसएल खिताब जीता था लेकिन पिछले दो चरण में उसे फाइनल में लाहौर कलंदर्स से हार मिली थी। बाबर आजम की अगुआई वाली पेशावर जाल्मी को सोमवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा जब वह इस्लामाबाद यूनाईटेड और क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बीच शनिवार को होने वाले एलिमिनेटर की विजेता से भिड़ेगी। मुल्तान सुल्तांस ने गुरुवार रात पेशावर जाल्मी को सात विकेट पर 146 रन ही बनाने दिये। फिर उसने सलामी बल्लेबाज यासिर खान (54 रन) और फॉर्म में चल रहे उस्मान खान (नाबाद 36 रन) की बदौलत 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 147 रन बनाकर जीत हासिल की। पेशावर जाल्मी के गेंदबाज छोटे से स्कोर का बचाव करने में असफल रहे।

# प्रथम श्रेणी क्रिकेट से बल्लेबाज मैथ्यू वेड लेंगें संन्यास, शेफील्ड का फाइनल होगा आखिरी मैच



शेफील्ड फाइनल यहां 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न आस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा। इस मैच के बाद बायें हाथ के बल्लेबाज वेड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स से जुड़ जायेंगे। होबार्ट। आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। शेफील्ड फाइनल यहां 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न आस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा। इस मैच के बाद बायें हाथ के बल्लेबाज वेड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स से जुड़ जायेंगे। हालांकि वह आईपीएल के पहले दो मैच नहीं खेल पायेंगे क्योंकि लीग का कार्यक्रम शील्ड फाइनल की तारीखों के साथ ही पड़ रहा है। वेड ने आस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट में चार शतक से 29.87 के औसत से 1613 रन बनाये हैं। वेड ने एक बयान में कहा, ''लाल गेंद का क्रिकेट हमेशा ही मेरे लिए शीर्ष और पसंदीदा प्रारूप रहा है। मैंने लंबे प्रारूप की चुनौतियों का पूरा लुत्फ उठाया है, हालांकि मैं आस्ट्रेलियाई जर्सी में सफेद गेंद का क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा।'' वेड का अंतिम टेस्ट 2021 में ब्रिसबेन में भारत के खिलाफ था जिसके बाद एलेक्स कैरी को उनकी जगह शामिल किया गया था।

# आईपीएल में खेलने को लेकर मुशीर खान का बयान, कहा– टी20 समझने के लिए एक साल और...

मुंबई के रणजी ट्राफी के युवा नायक मुशीर खान खुश हैं कि वह पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी में बिके नहीं क्योंकि इससे उन्हें टी20 प्रारूप को समझने के लिए कुछ और समय मिल जायेगा। मुशीर (19 वर्ष) ने रणजी ट्राफी फाइनल में शतक जड़कर महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया और मुंबई के लिए फाइनल में सैकड़ा लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गये।क्रिकेटरों के लिए भले ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अनुबंध हासिल करना प्राथमिकता रखता हो लेकिन मुंबई के रणजी ट्राफी के युवा नायक मुशीर खान खुश हैं कि वह पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी में बिके नहीं क्योंकि इससे उन्हें टी20 प्रारूप को समझने के लिए कुछ और समय मिल जायेगा।

# आरसीबी एलिमिनेटर में मुंबई और आरसीबी आमने–सामने, हारे तो डब्लूपीएल में सफर होगा खत्म



डब्ल्यूपीएल 2024 में आज से प्लेऑफ राउंड की शुरुआत हो रही है। हालांकि, आईपीएल के अलट महिलाओं में प्लेऑफ में सिर्फ दो मुकाबले खेले जाते हैं और दोनों ही नॉकआउट मैच हैं। आज अंक तालिका में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा। इसमें जीतने वाली टीम 17 मार्च को होने वाले फाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर यहीं खत्म हो जाएगा। महिला प्रीमियर लीग 2024 में आज से प्लेऑफ राउंड की शुरुआत हो रही है। हालांकि, आईपीएल के अलट महिलाओं में प्लेऑफ में सिर्फ दो मुकाबले खेले जाते हैं और दोनों ही नॉकआउट मैच हैं। आज अंक तालिका में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा। इसमें जीतने वाली टीम 17 मार्च को होने वाले फाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर यहीं खत्म हो जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स ने अंक तालिका में टॉप पर रहते हुए सीधे फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। दूसरे स्थान पर मुंबई इंडियंस की टीम रही थी, जिसकी कमान अनुभवी हरमप्रीत कौर के हाथों में हैं, जबकि तीसरे स्थान पर आरसीबी की टीम भी। उसकी कप्तानी स्मृतिल मंधाना कर रही हैं। दोनों ही टीमों की नजर डब्ल्यूपीएल ट्रॉफी पर होगी। मुंबई ने महिला प्रीमियर लीग के पिछले सीजन, जो कि पहला सीजन था, उसमें खिताब अपने नाम किया था। इस बार महिला प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जो तीन टीमें पहुंची हैं। उनमें से दो की कप्तानी भारतीय खिलाड़ी कर रही हैं, जबकि एक ही कप्तान ऑस्ट्रेलियाई मेग लैनिंग हैं। वहीं, पिछले साल ऐसा नहीं हुआ था। उस दौरान प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीन टीमों में से दो की कप्तान ऑस्ट्रेलिया की थीं। पिछले साल दिल्ली और मुंबई के अलावा तीसरी टीम यूपी वॉरियर्स थी, जिसकी कप्तान एलिसा हीली हैं। हालांकि, समीकरण में यूपी से भिड़ना पड़ा था। हालांकि, मुंबई की राह इस बार मुश्किल है, क्योंकि मुंबई को हाल ही में आरसीबी के खिलाफ सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। एलिस पेरी की बेहतरीन गेंदबाजी का मुंबई के पास कोई जवाब नहीं था। एलिमिनेटर में मुंबई को पेरी के साथ ऋचा घोष से भी सावधान रहना होगा। आंकड़ें वहीं आकंड़ों की बात करें तो, दोनों टीमों के बीच अब तक चार मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से तीन मैच मुंबई ने और बैंगलोर को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है। हालांकि, मंधाना की टीम के लिए अच्छी बात ये है कि ये जीत पिछले ही मुकाबले में मिली थी। ये मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

# सीएसके में वापसी से उत्साहित शार्दुल ने कहा, माही भाई से सीखने को बेकरार हूं



मुंबई। भारत के आल राउंडर शार्दुल ठाकुर हाल में मुंबई के साथ रणजी ट्राफी खिताब जीतने के बाद आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद लगाये हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं रहा था। शार्दुल 2018 से 2021 तक सीएसके टीम का हिस्सा रहे थे जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली कैपिटल्स और 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें चार करोड़ रुपये में खरीदा गया। शार्दुल ने एक साक्षात्कार में कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो पिछला आईपीएल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा। वह पिछले सत्र में 11 आईपीएल मैच में महज सात विकेट ही झटक सके थे और बल्ले से 14.13 के औसत से रन जुटा पाये थे। विदर्भ के खिलाफ गुरुवार को यहां मेजबान मुंबई के 169 रन की जीत से 42वां रणजी ट्राफी खिताब जीतने के बाद शार्दुल ने कहा, ''मैं माही भाई के नेतृत्व में खेलने को लेकर काफी उत्साहित हूं। जब आप उनके साथ खेलते हो तो आप मैच से कुछ न कुछ जरूर सीखते हो। वह स्टंप के पीछे खड़े होकर आपका मार्गदर्शन करते रहते हैं जिससे आपके प्रदर्शन में निखार आता है।'' ठाकुर ने कहा कि धोनी की सबसे अच्छी खासियत है कि वह एक खिलाड़ी के प्रदर्शन को निखरने देते हैं। इस आल राउंडर ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह बहुत शानदार चीज है, वह खिलाड़ियों को काफी आजादी देते हैं और खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन की जिम्मेदारी खुद उठाने देते हैं। इसलिये मैं सीएसके में फिर से वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं। मैं कहूंगा कि मैं ऐसी टीम के लिए खेल रहा हूं जो परिवार और पारिवारिक संस्कृति को महत्व देती है।'' ठाकुर के अलावा इस सत्र में सीएसके में युवा समीर रिज्वी, न्यूजीलैंड के आल राउंडर डेरिल मिचेल और रचिन रविंद्र भी शामिल होंगे। ठाकुर ने 19 साल के मुशीर खान से काफी प्रभावित थे जिन्होंने रणजी फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में शतक जड़ा जिससे टीम ने विदर्भ को जीत के लिए 538 रन का विशाल लक्ष्य दिया। ठाकुर ने कहा, ''मुझे लगता है कि वह (मुशीर खान) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है, मैदान पर जिस तरह योगदान दे रहा है, क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी कर रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि वह रणजी ट्राफी या आईपीएल जैसे उच्च स्तर के क्रिकेट में खेलने के लिए काफी परिपक्व हो चुका है।

# आईपीएल 2024 के लिए सीएसके से जुड़े रविंद्र जडेजा, टूर्नामेंट में गेंद और बल्ले से मचाएंगे तूफान



आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। ये मैच त्ब्ठ के लिए चेन्नई के खिलाफ जीतना बिलकुल भी आसान नहीं होगा। सीएसके के खिलाड़ी रविंद्र जडेजा अपनी तूफानी बल्लेबाजी और घातक गेंदबाजी से आरसीबी को परेशान कर सकते हैं। आईपीएल का 17वां सीजन शुरू होने में कुछ ही समय बचा है। सभी खिलाड़ी अपनी–अपनी टीम से जुड़ रहे हैं। अब चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा भी अपनी टीम से जुड़ गए हैं। जिसकी तस्वीर चेन्नई ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है।

# आईपीएल टीमों की जर्सी का लुक, जानें पूरी जानकारी

आईपीएल का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी के बीच चेपॉक में खेला जाएगा। आईपीएल का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। आईपीएल की कई टीमों ने आईपीएल की कई टीमों ने आईपीएल 2024 के लिए अपनी जर्सी लांच कर दी है जबकि अन्य टीमें जल्द करेंगी। यहां देखें आईपीएल की सभी टीमों की जर्सी का लुक, रंग, डिजाइन। इंडियन प्रीमियल लीग सीजन 17 का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। आईपीएल का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी के बीच चेपॉक में खेला जाएगा। आईपीएल का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। आईपीएल की कई टीमों ने आईपीएल की कई टीमों ने आईपीएल 2024 के लिए अपनी जर्सी लांच कर दी है जबकि अन्य टीमें जल्द करेंगी। यहां देखें आईपीएल की सभी टीमों की जर्सी का लुक, रंग, डिजाइन।




# दिल्ली कैपिटल को लगा एक और बड़ा झटका, लुंगी एनगिडी हुए बाहर, इस खिलाड़ी को किया शामिल

हैरी ब्रूक के बाद अब साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने उनके रिप्लेसमेंट के रूप में ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलराउंडर जेक फ्रेजर–मैकगर्क को चुना है। वहीं आईपीएल ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। वहीं टीम ने लुंगी की जगह फ्रेजर–मैकगर्क को शामिल किया है। आईपीएल 2024 से पहले ही दिल्ली कैपिटल्स को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। टीम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। हैरी ब्रूक के बाद अब साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने उनके रिप्लेसमेंट के रूप में ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलराउंडर जेक फ्रेजर–मैकगर्क को चुना है। वहीं आईपीएल ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। वहीं टीम ने लुंगी की जगह फ्रेजर–मैकगर्क को शामिल किया है। आईपीएल द्वारा जारी की गई प्रेस रिलीज में कहा गया है कि, दिल्ली कैपिटल्स ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के आगामी संस्करण के लिए

# कसरत के बाद मांसपेशियों के दर्द को दूर करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

कसरत के बाद मांसपेशियों में दर्द होना सामान्य बात है, खासतौर से अगर आप उच्च तीव्रता वाले व्यायामों को करते हैं। इसके अतिरिक्त गलत तरीके से व्यायाम करने पर भी मांसपेशियों में दर्द होने लगता है।अमूमन लोग इसे दूर करने के लिए पेनकिलर का सेवन करते हैं, लेकिन इसे दूर करने या इससे बचे रहने के कुछ प्राकृतिक तरीके भी हैं।आइए आज हम आपको 5 ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे मांसपेशियों का दर्द दूर हो सकता है।

वार्मअप और कूल डाउन होने का बनाए नियम

अगर आप चाहते हैं कि कसरत के बाद आपकी मांसपेशियों में दर्द न हो तो किसी भी व्यायाम को करने से 5–10 मिनट पहले वार्मअप करना बहुत जरूरी है।इसी तरह व्यायाम करने के बाद शरीर को कूल डाउन यानी आराम देना भी जरूरी है।इसके लिए आप कुछ स्ट्रेचिंग व्यायाम कर सकते हैं क्योंकि इससे शरीर का तापमान और हॉर्ट रेट धीरे–धीरे सामान्य हो जाता है।यहां जानिए शरीर को कूल डाउन करने वाले योगासन।

एकदम से व्यायाम करना बंद न करें

शरीर को कूल डाउन करने का मतलब यह कतई नहीं है कि आप एकदम से व्यायाम बंद कर दें।उदाहरण के लिए अगर आप दौड़ रहे हैं तो फिर धीरे–धीरे अपनी गति को कम करें, लेकिन दौड़ते हुए एकदम से न रूकें।अन्य एक्सरसाइज के बाद शरीर को मांसपेशियों को आराम देने के लिए आप स्ट्रेचिंग समेत फॉम रोलिंग जैसे व्यायाम भी कर सकते हैं क्योंकि इनसे शरीर का तापमान सामान्य हो जाता है।

आराम के समय को कम न करें

कई लोग व्यायाम के बाद आराम करना महत्वपूर्ण नहीं समझते हैं इसलिए वे इसे छोड़ देते हैं या इसका समय काफी छोटा रखते हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है।दरअसल, व्यायाम के बाद शरीर के तापमान को सामान्य होने में थोड़ा समय लगता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप



कसरत के बाद अच्छे से आराम करें।जैसे अगर आपने 60 मिनट तक कसरत की है तो इसके बाद 10–15 मिनट तक धीरे–धीरे व्यायाम छोड़ते हुए आराम करें।

खान–पान पर दें अतिरिक्त ध्यान

व्यायाम के बाद मांसपेशियों के दर्द को दूर करने के लिए पर्याप्त जलयोजन और पोषण की आवश्यकता होती है।पर्याप्त मात्रा में खाने में मौजूद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और एंटी–ऑक्सीडेंट्स मासंपेशियों की सूजन और दर्द को दूर करके इन्हें मजबूती प्रदान कर सकते हैं।इसी के साथ भरपूर पानी का सेवन करें और नारियल पानी, नींबू पानी सहित फलों के ताजे जूस को भी अपनी डाइट में शमिल करें।

ट्रेनर की लें मदद

आप चाहें तो अपनी दिनचर्या में किसी भी तरह के व्यायाम शामिल कर सकते हैं, बस उसे करने का तरीका सही होना चाहिए।इसके लिए आप फिटनेस ट्रेनर की मदद ले सकते हैं या फिर जिम जा सकते हैं।दरअसल, सही तरीके से की गए व्यायाम से ही आपको कई तरह की स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।इसलिए किसी भी व्यायाम की शुरूआत करने से पहले ट्रेनर की सलाह जरूर लें।

# गुर्दे की पत्थरी से निदान के लिए आवश्यक उपाय– डॉ. रवि मिश्रा

गुर्दे की पथरी की उत्कृष्ट प्रस्तुति तीव्र, उदरशूल पार्श्वध पीठ पेट दर्द है जो कमर या अंडकोश तक फैलता है। जैसे ही पथरी मूत्रमार्ग में उतरती है, दर्द पथरी के ऊपर पेट तक हो सकता है। गुर्दे और मूत्रमार्ग के उदरशूल को अक्सर रोगियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले सबसे गंभीर दर्द में से एक माना जाता है। जैसे–जैसे पथरी मूत्राशय के पास आती है, पेट के निचले हिस्से में दर्द, तत्काल पेशाब, पेशाब की संख्या में वृद्धि और दर्दनाक पेशाब आम हैं। मूत्र में रक्त की उपस्थिति, मतली और उल्टी भी हो सकती है। बुखार के साथ बार–बार होने वाले मूत्र संक्रमण की विशेषताएं भी एक अन्य लक्षण हो सकते हैं। गुर्दे में लगी कुछ बड़ी पथरी इनमें से किसी भी लक्षण का कारण नहीं हो सकती है और नैदानिक मूल्यांकन पर संयोग से निदान किया जाता है। जैंथिन और नशीली दवाओं से संबंधित पत्थरों सहित अन्य कम आम पत्थर भी हैं। परीक्षण–संक्रमण, यूरिक एसिड और गुर्दे के कार्य की जांच के लिए रक्त परीक्षण, प्राथमिक पहचान विधि है। पेट का एक बुनियादी अल्ट्रासाउंड और एक्स–रे भी मदद करता है। प्लेइन सीटी किडनी, मूत्रमार्ग, मूत्राशय पुष्टि के लिए आदर्श विकल्प है। रोकथाम– गुर्दे की पथरी को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम यह है कि उनका कारण क्या है। यह जानकारी भविष्य में पथरी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आहार में परिवर्तन करने में मदद करती है। विशेष रूप से पर्याप्त तरल पदार्थ पीने से मूत्र को पतला रखने और पथरी बनाने वाली सामग्री को दूर करने से सभी प्रकार की गुर्दे की पथरी को रोकने में मदद मिलती है। लोग तरल पदार्थ के सेवन में बदलाव करके गुर्दे की पथरी को रोकने में मदद कर सकते हैं। यह अनुशंसा की जाती है कि एक व्यक्ति गुर्दे की पथरी के प्रकार, सोडियम, पशु प्रोटीन, कैल्शियम और ऑक्सालेट के सेवन में परिवर्तन के आधार पर एक दिन में 2.5–3 लीटर तरल पदार्थ पीएं।सिस्टीन पथरी वाले लोगों को और भी अधिक पानी पीने की आवश्यकता हो सकती है। अन्य तरल पदार्थ भी गुर्दे की पथरी को रोकने में मदद कर सकते हैं, जैसे कि साइट्रस पेय। जिन लोगों के गुर्दे की पथरी



हुई है, उन्हें एक दिन में कम से कम 1.5 लीटर मूत्र का उत्पादन करने के लिए पर्याप्त पानी और अन्य तरल पदार्थ पीना चाहिए। सोडियम के दैनिक सेवन में वृद्धि के साथ गुर्दे की पथरी का खतरा बढ़ जाता है। यू. एस. द्वारा अनुशंसित सोडियम की आहार अनुमति (आर. डी. ए.) 2,300 मिलीग्राम है। मांस और अन्य एनीमल प्रोटीन जैसे अंडे और मछली में प्यूरिन होते हैं, जो मूत्र में यूरिक एसिड में टूट जाते हैं। बच्चों में विशेष रूप से समृद्ध खाद्य पदार्थों में अंग मांस, जैसे यकृत शामिल हैं। जो लोग यूरिक एसिड स्टोन बनाते हैं, उन्हें अपने मांस की खपत को प्रत्येक दिन 6 औंस तक सीमित करना चाहिए। पशु प्रोटीन भी कैल्शियम के उत्सर्जन को बढ़ाकर कैल्शियम पथरी का खतरा बढ़ा सकते हैं। पथरी की रोकथाम के लिए आमतौर पर प्रत्येक मूत्र रोग विशेषज्ञ के पास एक आहार चार्ट उपलब्ध होता है। चिकित्सा प्रबंधन–

यह केवल छोटे पत्थरों में संभव है जो आमतौर पर 6 मिमी से कम आकार के होते हैं। मूत्रमार्ग, जो बच्चे से मूत्राशय तक मूत्र ले जाता है, आकार में केवल 5–6 मिमी व्यास का होता है। पथरी गुर्दे से मूत्रमार्ग तक जाती है और अवरुद्ध हो जाती है। सबसे पहले, दवाओं से पत्थरों को बाहर निकालने की कोशिश करें। दवाएं मूत्रमार्ग को फैलाती हैं और पथरी के निष्कासन को बढ़ावा देती हैं। शल्य चिकित्सा प्रबंधन–मूत्रनली में 2 सेमी तक की पथरी का आमतौर पर मूत्रनली ऑस्कॉपी द्वारा इलाज किया जाता है। प्राकृतिक छिद्र के माध्यम से मूत्रमार्ग में एक छोटी सी गुंजाइश रखी जाती है और पत्थर को लेजर से तोड़ा जाता है। तीन सप्ताह के लिए एक स्टेंट लगाया जाता है। यह एनेस्थीसिया के बिना एक दिन की प्रक्रिया है।गुर्दे की पथरी गुर्दे की पथरी के प्रबंधन की नवीनतम प्रक्रिया आर. आई. आर. एस. है।

# मुंह में बीड़ी और कांधे पर गमछा, भैया जी से मनोज वाजपेयी का भौकाली फर्स्ट लुक आउट, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

मनोज बाजपेयी बॉलीवुड सबसे ज्यादा टैलेंटेड और वर्सेटाइल एक्टर्स में से एक हैं. उन्होंने बॉलीवुड में तमाम फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया है. वहीं मनोज बाजपेयी का ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी डंका बजता है. फैंस मनोज की हर फिल्म और सीरीज का ब्रेसब्री से इंतजार करते हैं. वहीं एक्टर अब जल्द ही भैया जी बनकर बड़े पर्दे पर छाने वाले हैं. एक्टर की इस अपकमिंग फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस हो गई है मनोज बाजपेयी ने अपनी अपकमिंग फिल्म श्भैया जीय की रिलीज डेट का आज ऐलान कर दिया है. मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 24 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इसका टीजर 20 मार्च की दोपहर को जारी किया जाएगा. अभिनेता ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर कर इसकी अनाउंसमेंट की है. मनोज ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर हिंदी में लिखा, आ गए हैं वो. उन्होंने आगे फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस करते हुए लिखा, भैयाजी 24 मई को सिनेमाघरों में. टीजर 20 मार्च को दोपहर 2रू42 बजे रिलीज होगा. नए पोस्टर में, मनोज बिल्कुल ठेठ गांववाले के गेटअप में दिख रहे हैं. वे कुर्ता–धोती और गमछा लिए हुए दिख रहे हैं वहीं उनके मुंह में सिगरेट भी है और माथे



पर खून की एक लकीर भी है. बैकग्राउंड किसी विरोध–प्रदर्शन का लग रहा है. दिलचस्प बात ये है कि मनोज इस फिल्म से बतौर निर्माता डेब्यू करने जा रहे हैं. उनके साथ उनकी पत्नी शबाना भी इस फिल्म की निर्माता है.मनोज की सिर्फ एक बंदा काफी हैय काफी हिट रही थी. इसके अलावा, मनोज को श्जोरमय और श्किलर सूपय में भी देखा गया था. अब उनके पास पाइपलाइन में द फैमिली मैन की अगली किस्त है. फिलहाल क्टर अपनी अपकमिंग फिल्म भैया जी को लेकर एक्साइटेड हैं।

# बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी जारी, मानुषी और अलाया ने रेत में बिखेरा जलवा

बॉलीवुड खिलाड़ी यानी एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म श्बड़े मियां छोटे मियांय को लेकर सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल अप्रैल में रिलीज होगी। इस फिल्म में पहली बार बड़े पर्दे पर अक्षय और टाइगर की जोड़ी धमाल मचाती नजर आएगी। इस फिल्म को लेकर अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अब इसी बीच इस फिल्म से नया गाना सामने आया है। आपको बता दें कि अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बनी श्बड़े मियां छोटे मियांय अगले महीने रिलीज हो रही है। इस फिल्म के रिलीज होने का फैंस इंतजार कर रहें हैं। अब इसी बीच इस फिल्म का नया गाना श्वल्लाह हबीबीय रिलीज हो गया है, जिसमें अक्षय और टाइगर के साथ मानुषी छिल्लर और अलाया एफ रोमांस करती नजर आ रहीं हैं। इस गाने से एक्टर अक्षय कुमार के मुंह पर कपड़ा बांधते हुए एंट्री लेने का स्टाइल फैंस को काफी पसंद आया है। वहीं, टाइगर ने हमेशा की तरह अपने डांस के चार्म से लोगों को एंटरटेन किया है। रेत पर अपने हुस्न का जलवा दिखाते हुए मानुषी और अलाया एफ ने भी लाइमलाइट लूटी है। बता दें कि श्वल्लाह हबीबीय गाने को विशाल ददलानी, विशाल मिश्रा और दीपाक्षी कलिता ने गाया है। लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं और म्यूजिक कंपोजर विशाल मिश्रा हैं। ये मूवी इस ईद 10 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



# विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की फैमिली स्टार का टीजर हुआ रिलीज, 5 अप्रैल को होगी दुनियाभर में रिलीज

तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की आगामी फिल्म फैमिली स्टार का टीजर रिलीज कर दिया गया है. इस फिल्म का निर्देशन पारसुरम ने किया है.यह फिल्म तेलुगु, तमिल और हिंदी भाषाओं में 5 अप्रैल को दुनियाभर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी. टीजर में रोमांस और एक्शन का तड़का देखने को मिल रहा है. विजय देवरकोंडा अपने स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे हैं, वहीं मृणाल ठाकुर भी बेहद खूबसूरत लग रही हैं.टीजर में एक सच्चे फैमिली मैन (विजय देवरकोंडा) की कहानी दिखाई गई है – वह खाना बनाता है, प्यार करता है, जरूरत पडने पर गुंडों से लड़ता है – वह यह सब करता है. यह साबित होने के बाद कि विजय देवरकोंडा वास्तव में एक फैमिली स्टार हैं हमें मृणाल ठाकुर के कैरेक्टर से इंट्रोड्यूस करवाया जाता है. विजय और मृणाल एक बस स्टैंड पर मिलते हैं. वह विजय से उसे उसके कॉलेज तक छोडने के लिए कहती है. वह जवाब देता है, मेरे लिए पेट्रोल खरीदो, मैं तुम्हें जरूर छोड़ दूंगा. अभी के लिए इतना ही.मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर किया और उन्होंने लिखा, मचअवेटेड फैमिली स्टार टीजर अब रिलीज हो गया है. 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में. प्त फ ै मि ल ी स्ट ा र प्तफैमिलीस्टारऑनअप्रैल5 इस बीच विजय देवरकोंडा ने टीजर साझा किया और लिखा, यह 5 अप्रैल फैमिली स्टार. मेरे सभी प्यारे परिवारों के लिए प्तफैमिलीस्टारटीजरइस साल की शुरुआत में विजय देवरकोंडा ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया और फिल्म की रिलीज की तारीख अनाउंस की थी. उन्होंने लिखा, 5 अप्रैल, 2024 को आ रहा हूं. पिछले साल दिवाली पर फैमिली स्टार के एक्टर्स ने अपने इंस्टाफैम को कुछ इस तरह विश किया था, हमारे परिवार की तरफ से आपके परिवार को शुभ दीपावली. इस



छुट्टियों के मौसम से परे उत्सव की खुशियां दोगुनी करने के लिए, प्तफैमिलीस्टार का पहला सिंगल बहुत जल्द आ रहा है.

# फिल्म आर्टिकल 370 की कमाई तीसरे सप्ताह में भी जारी, 20वें दिन भी किया शानदार कलेक्शन

यामी गौतम की लेटेस्ट रिलीज फिल्म आर्टिकल 370य ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है. इस पॉलिटिकल थ्रिलर को क्रिटिक्स और ऑडियंस से काफी शानदार रिस्पॉन्स मिला. इसी के साथ फिल्म ने खूब कमाई भी की. ये फिल्म अपना बजट वसूल चुकी है और जमकर मुनाफा कमा रही है. हालांकि रिलीज के तीसरे हफ्ते में श्आर्टिकल 370य की कमाई एक करोड़ से कम हो चुकी है और ये लाखों में कलेक्शन कर रही है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे बुधवार को कितनी कमाई की हैश्आर्टिकल 370य अपनी रिलीज के तीसरे हफ्ते मे है और ये अब भी बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है. 35.6 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ फिल्म के पहले हफ्ते की कमाई काफी दमदार रही. वहीं श्आर्टिकल 370य ने अपने दूसरे सप्ताह में



भी टिकट खिड़की पर अपनी शानदार परफॉर्मेंस जारी रखी और 22.3 करोड़ रुपये की कमाई की. इस फिल्म को अपनी रिलीज के तीसरे हफ्ते में अजय देवगन की शैतान के साथ टक्कर भी लेनी पड़ी. हालांकि श्आर्टिकल 370य की तीसरे हफ्ते की शुरुआत भी पॉजिटिव रही, जहां थर्ड फ्राइडे फिल्म ने 1.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया तो तीसरे शनिवार को कलेक्शन में मामूली बढ़ोतरी देखी गई और यह 2.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया.तीसरे रविवार को बॉक्स ऑफिस की कमाई में और बढ़ोतरी देखी गई, फिल्म ने 3.4 करोड़ रुपये की कमाई की. हालांकि वीकडेज में श्आर्टिकल 370य की कमाई को झटका लगा और ये लाखों में सिमट गई. जहां थर्ड मंडे फिल्म ने 85 लाख का कलेक्शन किया तो तीसरे मंगलवार को फिल्म की कमाई 90 लाख रही. वहीं अब श्आर्टिकल 370य की रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्आर्टिकल 370य ने रिलीज के 20वें दिन भी 90 लाख की कमाई की है इसके बाद श्आर्टिकल 370य क 20 दिनों का कुल कलेक्शन अब 68.20 करोड़ रुपये हो गया है

श्आर्टिकल 370य को सिनेमाघरों में अजय देवगन की शैतान के साथ टक्कर मिल रही है. शैतान ने बॉक्स ऑफिस प काला जादू कर दिया है लेकिन श्आर्टिकल 370य इसके वश मे नहीं आ पाई है. यामी गौतम की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अभी भी अपनी पकड़ मजबूत की हुई है. वहीं मेकर्स को उम्मीद है कि वीकेंड पर एक बार फिर श्आर्टिकल 370य की कमाई मे उछाल आ सकता है. अगर ऐस होता है तो ये फिल्म 100 करोड़ का आंकड़ा छूने के बेहद नजदीक पहुंच जाएगी.

# एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने कहा, स्कूप ने दिलाई अभिनय की दुनिया में नई पहचान

2001 में एक टीवी शो से अभिनय में कदम रखने वाली एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने कहा



कि 2023 में रिलीज हुई सीरीज स्कूप ने उन्हें अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई। एक्ट्रेस ने बताया कि इसके बाद ही लोगों ने उन्हें गंभीरता से लेना शुरू किया।लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक्ट्रेस ने बताया, सीरीज स्कूप से पहले भी लोग मुझे इस इंडस्ट्री में जानते थे। मगर स्कूप ने मुझे अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई है। इसके बाद ही इंडस्ट्री ने मुझे गंभीरता से लेना शुरू किया। मेरे काम के बाद लोगों में मेरे प्रति बदलाव आया। एक्ट्रेस ने महत्वाकांक्षी डिजाइनरों के सपनों और जुनून को रैंप पर उतारा। यह पूछे जाने पर कि जब वह इंडस्ट्री में जगह बनाने की कोशिश कर रही थीं तो क्या उन्हें सपोर्ट मिला, करिश्मा ने कहा, नहीं, मुझे कोई सपोर्ट नहीं मिला। मैं इस इंडस्ट्री से नहीं आई थी। मेरा कोई कनेक्शन नहीं था। एक्ट्रेस आज जहां हैं उसके लिए वह अपनी किस्मत और अपनी मां को श्रेय देती हैं।करिश्मा ने आगे कहा, मेरे करियर में भाग्य ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही मेरी कड़ी मेहनत, मेरे सपने और मेरे जुनून ने मेरे सपने सच किए। मैं एक बात को लेकर साफ थी कि मैं कुछ बनना चाहती हूं, जिससे मुझे अलग पहचान मिले। उन्होंने कहा, मैंने बस उस जुनून और अपने सपने को जीया और मैंने इसे भगवान और अपनी मां पर छोड़ दिया। मैंने कड़ी मेहनत की और सब कुछ वैसा ही हुआ, जैसा मैं चाहती थी।

# इम्तियाज अली की चमकीला से परिणीति चोपड़ा की पहली झलक आई सामने, नया गाना भी जारी

इम्तियाज अली मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म चमकीला को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक होगी।इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब चमकीला का परिणीति की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें वह दिलजीत के साथ नजर आ रही हैं।इसके साथ निर्माताओं ने इश्क मिटाये (पहला गाना) के बाद फिल्म का दूसरा गाना नरम कालजा जारी कर दिया है। नरम कालजा को अलका याग्निक, ऋचा शर्मा, पूजा तिवारी और याशिका सिक्का ने मिलकर गाया है तो वहीं गाने के बोले इरशाद कामिल ने लिखे हैं। यह गाना महिला दर्शकों के बीच चमकीला की लोकप्रियता का जश्न मनाता है। महिलाओं के बीच चमकीला की दीवानगी अलग ही स्तर पर थी। गांवों में लाइव संगीत प्रदर्शन के दौरान



वह आसपास के घरों की छतों पर झुंड में इकत्रद्धा हो जाती थी, कभी–कभी तो इतनी ज्यादा संख्या में कि छत भी गिर जाती थी। चमकीला का प्रीमियर 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर होगा।चमकीला को पंजाब के अब तक के सबसे अच्छे लाइव स्टेज परफॉर्मर्स में से एक मान जाता है। वह गांव के दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय थे।8 मार्च को चमकीला को कार से बाहर निकलते ही गोलियों से छलनी कर दिया गया था।

# बाक्स आफिस पर अजय देवगन की फिल्म शैतान की कमाई भारत में 80 करोड़ रुपये की ओर



क्वीन और मनमर्जियां जैसी सुपरहिट फिल्में दर्शकों के सामने पेश कर चुके विकास बहल आजकल अपनी हालिया रिलीज फिल्म शैतान को लेकर चर्चा में हैं।हॉरर और सस्पेंस से भरपूर इस फिल्म को दर्शकों को बेशुमार प्यार मिल रहा है।इस फिल्म में अजय देवगन और आर माधवन आमने–सामने हैं। दोनों की बेहतरीन अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर धुआंध ाार कमाई करने के बाद कामकाजी दिनों में यह बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक नोट छाप रही है।

अब शैतान की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।सैकनिल्क के मुताबिक, शैतान ने बुधवार को 6.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 74 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में भी फिल्म का डंका बज रहा है। यह फिल्म 80.31 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है। साउथ की अभिनेत्री ज्योतिका ने भी फिल्म में अपने अभिनय का तड़का लगाया है। शैतान की कहानी कबीर (अजय) और उसके हंसते–खेलते परिवार की है, जो अपनी पत्नी ज्योति (ज्योतिका), बेटी जाह्नवी (जानकी बोदीवाला) और बेटे ध्रुव (अंगद राज) के साथ अपने फार्म हाउस पर छुट्टियां मनाने जाता है।यहां बीच रास्ते में एक रेस्तरां पर कबीर, वनराज (आर माधवन) से टकराता है, जो उनका पीछा करते–करते फार्महाउस तक पहुंच जाता है।इसके बाद वनराज जाह्नवी को अपने वश में कर लेता है और उसे कठपुतली की तरह अपने इशारों पर नचाता है।

# संदीपा धर ने ब्लैक आउटफिट में गिराई बिजली, यूजर्स हुए घायल

बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में संदीपा को ब्लैक कलर की स्टाइलिश ड्रेस में देखा जा सकता है, जो उनके फिगर को काफी कॉम्पलिमेंट दे रही है. उनका लाइट मेकअप और खुले बाल उनके पूरे लुक को और भी निखार रहे हैं. साथ ही, उन्होंने खूबसूरत गोल्डन इयररिंग्स भी पहने हुए हैं. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए संदीपा ने लिखा, काले कपड़े पहने लाल झंडा. उनकी तस्वीरों को इतना प्यार मिल रहा है कि कैप्शन की जरूरत ही नहीं है. कुछ ही घंटों में इन तस्वीरों को हजारों लाइक्स और कमेंट्स मिल चुके हैं



# अमिताभ बच्चन की तबियत खराब, मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में हुई एंजियोप्लास्टी

महान अभिनेता अमिताभ बच्चन की मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई है। कथित तौर पर अभिनेता को शुक्रवार तड़के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महान अभिनेता अमिताभ बच्चन की मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई है। कथित तौर पर अभिनेता को शुक्रवार तड़के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, अभिनेता की एंजियोप्लास्टी उनके दिल पर नहीं बल्कि उनके पैर में कुछ थक्के पर की गई थी। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने नवीनतम पोस्ट में उन्होंने लिखा, हमेशा आभार में। इस साल की शुरुआत में दिग्गज अभिनेता की हालत गंभीर होने की एक खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसके बाद इंडिया टीवी की तथ्य जांच टीम ने इस खबर की प्रामाणिकता की जांच की और इसे भ्रामक पाया। अमिताभ बच्चन को अक्सर रविवार के दिन अपने आवास जलसा के बाहर अपने प्रशंसकों से मिलते और उनका अभिवादन करते देखा जाता है। उन्होंने इस पल की कई तस्वीरें भी अपने सोशल मीडिया पर नियमित रूप से साझा कीं।बिग बी की पिछली स्वास्थ्य समस्याएं आमिर खान, कैटरीना कैफ–स्टारर ठग्स ऑफ हिंदोस्तान की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन को चोट लग गई। कौन बनेगा करोड़पति 14 की शूटिंग के दौरान उनके पैर की एक नस कट गई।

# गड़ेर में मखाना की हुई रोपाई, मखाना उत्पादक क्षेत्र बना देवरिया

## स्वर्ण वैदेही प्रजाति के मखाना के पौध की हुई रोपाई

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। 15 मार्च का दिन जनपद के लिए अविस्मरणीय रहा। शुक्रवार को जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की पहल पर एक नई शुरूआत हुई। गड़ेर स्थित संकर्षण शाही के मत्स्यपालन केंद्र में मखाना के पौधे की रोपाई हुई। इसके साथ ही देवरिया मखाना की खेती करने वाले क्षेत्रों के राष्ट्रीय फलक में शुमार हो गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि गड़ेर में मखाना की रोपाई के साथ ही नए अध्याय की शुरुआत हुई है। जनपद मखाना की खेती करने वाले क्षेत्रों के राष्ट्रीय मानचित्र पर आ गया है। यह जनपद की आर्थिक तरक्की का आधार बनेगा। जनपद की भौगोलिक प्रोफइल में लगभग 30 हजार हेक्टेयर भूमि लो–लैंड एवं जलमग्न क्षेत्र चिन्हित है। इन क्षेत्रों के लिए मखाना की खेती वरदान सरीखी सिद्ध होगी। देवरिया की जलवायु में मिथिला जैसी उत्पादकता देने का सामर्थ्य है। जिलाधिकारी ने बताया कि आज मखाना के जिस पौध की रोपाई हुई है वह स्वर्ण वैदेही प्रजाति की है, जिसे काला हीरा नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने किसानों से व्यापक पैमाने पर मखाना की खेती प्रारंभ करने का अनुरोध किया। सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने जनपद में हो रहे अभिनव प्रयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की और मखानाकल्चर करने वाले मत्स्य पालकों को हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि इस नयी शुरुआत से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। मत्स्य विभाग के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक एवं मखाना खेती के विशेषज्ञ डॉ डीएन पांडेय ने बताया कि गत नवंबर में तरकुलवा ब्लॉक के हरैया में प्रगतिशील मत्स्यपालक गंगा शरण श्रीवास्तव के मत्स्य पालन केंद्र पर मखाना की नर्सरी स्थापित की गई थी। नर्सरी में पौध तैयार होने के बाद उसकी रोपाई संपन्न हुई है। मखाना के दो पौधों के मध्य दो मीटर की दूरी होनी चाहिए, क्योंकि इसके पत्ते का आकार लगभग एक मीटर तक होता है। मई माह के उत्तरार्ध में इसके फूल आ जाएंगे



और सितंबर तक फसल तैयार हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मखाना को तालाब में मछली के साथ उगाया जा सकता है। इसके साथ देशी मांगुर प्रजाति की मछली का उत्पादन संभव है, जिसका बाजार मूल्य अच्छा खासा है। उन्होंने बताया कि तालाब के अतिरिक्त सामान्य खेत में भी मखाना का उत्पादन संभव है। प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग रितेश शाही ने बताया कि प्रथम चरण में जनपद के आठ मत्स्यपालकों को चिन्हित किया गया है, जिनके लगभग डेढ़ हेक्टेयर जलक्षेत्र में मखाना की खेती प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को दोहरा लाभ मिलेगा और मछली के साथ–साथ मखाना का मूल्य भी मिलेगा। प्रगतिशील मत्स्यपालक संकर्षण शाही ने बताया कि आज उनके लगभग आधा एकड़ आकार के तालाब में मखाना की रोपाई की गई है। यदि फसल अच्छी प्राप्त होगी तो अगले सीजन में व्यापक पैमाने पर मखाना की खेती करेंगे। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह यादव, मत्स्य निरीक्षक वेंकटेश त्रिपाठी, प्रगतिशील मत्स्यपालक विनय गुप्ता, विक्की गुप्ता, प्रगतिशील किसान कमलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में मत्स्यपालक एवं किसान मौजूद थे।

## आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रयागराज(आरएनएस)। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) के द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में प्रोव मनोज कुमार, अंग्रेजी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज आमंत्रित थे।

उक्त कार्यक्रम उक्त कार्यक्रम दो सत्रों में विभाजित था। जिसका प्रथम सत्र महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के अंतर्गत गुणवत्ता की प्रक्रिया पूरी कराने पर आधारित था जबकि दूसरा सत्र सेल्फ स्टडी रिपोर्ट के निर्माण के प्रमुख बिंदुओं पर आधारित था। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोव आशिमा घोष के द्वारा मुख्य वक्ता के स्वागत से हुआ।

मुख्य वक्ता प्रोव मनोज कुमार ने अपने वक्तव्य में सेल्फ स्टडी रिपोर्ट के सभी सात मुख्य मानदंडों एवं उनके उप बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य वक्ता ने जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के परिप्रेक्ष्य में अपनी रिपोर्ट एवं अनुभवों को साझा किया तथा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न पहलुओं पर अपनी समीक्षात्मक राय प्रस्तुत की।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ आशीष मिश्रा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## सपा कार्यालय में मनाई गई कांशीराम जयंती

प्रयागराज(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में आज दलित चेतना के अग्रदूत मा कांशीराम की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करते हुए उनके विचारों और सिद्धांतों पर चर्चा की गई।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद ने किया। बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष जय शंकर भारतीय ने कांशीराम को दलित चेतना का अग्रदूत बताते हुए कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर के द्वारा संविधान में दी गई ताकत का अहसास मा कांशीराम ने देश के दलितों, पिछड़ों, वंचितों में जागरूकता अभियान चलाकर कराया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद ने कहा कि मा कांशीराम का यह मिशन आंदोलन बन गया। सपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पीडीए का नारा दिया है जो प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति में असरदार साबित होगा।

## आलोक त्रिपाठी बने अभाविप की इविवि इकाई के अध्यक्ष

प्रयागराज(आरएनएस)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के नए इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी और इकाई मंत्री आयुष्मान चौहान होंगे। शुक्रवार को बैंक रोड स्थित राजर्षी मण्डपम में चुनाव अधिकारी डॉ. मनीष ने दोनों नामों की घोषणा की। उसके बाद दोनों अपनी टीम की घोषणा करेंगे। अभी राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर निधि त्रिपाठी व अध्यक्ष के पद पर गुजरात के सीएन पटेल हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में प्रतिवर्ष चुनाव होता है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष के रूप में आलोक त्रिपाठी एवं इकाई मंत्री के रूप में आयुष्मान चौहान को निर्वाचित किया गया है। चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित डॉ. मनीष ने इकाई अध्यक्ष और मंत्री की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभाविप काशी प्रांत के प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह की उपस्थिति रही एवं उन्होंने नवीन दायित्ववान कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। अभाविप इविवि इकाई के इकाई उपाध्यक्ष के रूप में आदित्या कुमारी, हिमांशु पाण्डेय, अखिलेश कुशवाहा, प्रकाश सिंह, धीरज पाण्डेय, अमर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।इसी प्रकार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इकाई सह–मंत्री के रूप में ऋषव शर्मा, राहुल सिंह, अंतिमा दुबे, अनुज मौर्या, अतुल यादव, गंगाधर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनिर्वाचित इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हैं एवं पूर्व में विश्वविद्यालय इकाई के इकाई मंत्री के रूप में कार्यरत थे। आलोक मूलतः होलागढ़, प्रयागराज से हैं व उनकी प्रारंभिक शिक्षा प्रतापगढ़ से हुई है। नवनिर्वाचित इकाई मंत्री आयुष्मान चौहान इलाहबाद विश्वविद्यालय में स्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र हैं व लंबे समय से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में काम किया है।इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के नवनिर्वाचित इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की एवं कार्यकर्ताओं को यह आश्वासन दिलाया कि यह कार्यकारिणी निरंतर विश्वविद्यालय में व्याप्त समस्याओं के निदान हेतु कार्य करती रहेगी एवं एक आदर्श इकाई के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई की गिनती की जाएगी।

## मतदाता जागरूकता हेतु पिंक रैली को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

प्रयागराज(आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु शुक्रवार को पिंक रैली का आयोजन किया गया। पिंक रैली को मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नम्बर तीन से चलकर हनुमान मंदिर सिविल लाइन, सुभाष चौराहा होते हुए जिला पंचायत सभागार में समाप्त हुई। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह ने अधिक से अधिक मतदान के लिए पूरे जनपद के सभी विभागों व संस्थानों को व सभी वर्गों को जोड़ने व जागरूक कर मतदान करने का आह्वाहन किया। पिंक रैली में लगभग 500 स्कूटी सवार पिंक ड्रेस पहने शिक्षिकाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के नारे व भारत माता के जयकारा लगाते हुए रैली में पूरे जोश के साथ प्रतिभाग किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी ने आधी आबादी को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक लाल बाबू मौर्य, बी0एस0 यादव, प्रभाकर त्रिपाठी, अनुपम परिहार, देवेन्द्र, शिवऔतार, अखिलेश, शैलपति, जय सिंह सहित सैकड़ों संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सोलर पैनल से देश के एक करोड़ घरों को रोशन करना मोदी सरकार का लक्ष्य– राजेंद्र मिश्रा

## भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने लगाया पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का रजिस्ट्रेशन कैंप

प्रयागराज(आरएनएस)। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष आनंद जायसवाल के नेतृत्व में महानगर की सभी मंडलों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया गया। इस अवसर पर प्रीतम नगर मुंडेरा मंडी में लगे कैंप का उद्घाटन महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य लोगों के घरों के छत पर सोलर पैनल लगवा कर मुफ्त बिजली की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से लोगों के घरों में आने वाले बिजली बिल में कमी आएगी और उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी। इस योजना के जरिए हर घर रोशन होगा और बिजली बिलों में बचत होगी। साथ ही सोलर पैनल लग जाने से पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। इस योजना के तहत सोलर पैनल के माध्यम से एक करोड़ लोगों के घरों को रोशन करना मोदी सरकार का लक्ष्य है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके अलावा मुट्ठीगंज, कटरा, मीरापुर कीडगंज में कैंप लगाया गया। अब तक 70 कैंप पिछड़ा मोर्चा के द्वारा लगाया जा चुका है जिसमें अभी तक 10232 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जिसमें महिलाओं ने बढ़ कर हिस्सा लिया है।इस अवसर पर राजेश केसरवानी, अजय शर्मा, प्रशांत शुक्ला, सतीश प्रजापति, शत्रुघ्न जायसवाल, दिनेश सिंह, राम लखन विश्वकर्मा, घनश्याम मौर्य, विकास बाबू जायसवाल, कमलेश पाल, राकेश भारती, नाटेश्वर सिंह, अविनाश दुबे, पार्षद नीरज गुप्ता, चंद्र किशोर जायसवाल, मनोज मिश्रा, राघवेंद्र मिश्रा, आभा द्विवेदी, अजय जायसवाल, प्यारेलाल जायसवाल, रवि मिश्रा, आदि रहे।

# आंदोलन पर आयकरकर्मी, दोपहर बाद काम किया ठप



प्रयागराज(आरएनएस)। आयकर कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा अपनी आठ सूत्रीय मांगो के समर्थन दिनांक 6 मार्च से चरणबद्ध तरीके से आन्ध्दोलन किया जा रहा है। दिनांक 11 मार्च से 13 मार्च तक लगातार तीन दिन तक धरना पदर्शन किया गया। फिर भी प्रशासन की तरफ से किसी प्रकार का सकारात्मक जवाब न आने पर आज भोजनावकाश के पश्चात आयकर कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने आयकर कार्यालय में काम काज ठप करा दिया। विभाग के समस्ध्त कर्मचारियों ने अपने केन्ध्द्रीय नेतृत्ध्व के आह्वान पर आज दोपहर बाद पूर्ण रूपेण कार्य बहिष्कार किया। भूतल पर कर्मचारियों की एक सभा हुई जिसे सम्ध्बोधित करते हुए आयकर कर्मचारी महासंघ के जोनल सचिव योगेश्ध्वर राय ने बताया कि आयकर कर्मचारी महासंघ के सदस्ध्य अपनी विभागीय मांगों के न माने जाने के कारण पिछले कई महीनों से अपनी मांगो को लेकर केन्द्रीय प्रत्यक्ष बोर्ड नई दिल्ध्ली के समक्ष क्रमानुसार विरोध पदर्शन कर रहे हैं।इसी कडी में गत दिनों इलाहाबाद सहित प्रत्ध्येक मुख्ध्यालय पर कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया लेकिन केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड नई दिल्ध्ली से अभी तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है जिसको लेकर आयकर कर्मचारियों में निराशा की भावना उत्पन्न हो रही है तथा कर्मचारियों में रोष व्याप्ध्त है । जोनल सचिव ने कर्मचारियों की आठ सूत्रीय मांगों के सम्ध्बन्ध्ध में भी बताया कि दिनांक 12 दिसम्ध्बर 2008 से पहले से विभाग में कार्यरत डेली वेजर को नियमित किए जाने, पे एनामली एवं एम०ए०सी०पी० के मामले में कलकत्ध्ता एवं केरला हाई कोर्ट के निर्णय को लागू किए जाने, अन्ध्तर प्रभार स्थानान्तरण प्रक्रिया को पुनय प्रारम्भ किए जाने, खाली पदों पर पदोन्नति किए जाने तथा आयकर विभाग के आई०टी०बी०ए०पोर्टल पर कार्य के सम्ध्बन्ध्ध में कर्मचारियों को रोल एलाट किए जाने जैसी महत्ध्वपूर्ण मांगों को लेकर कर्मचारी आन्ध्दोलित हैं और यदि मांगे नहीं मानी गई तो आगे भी आन्ध्दोलन करने के लिए तैयार हैं। सभा को आयकर कर्मचारी महासंघ के शाखा अध्ध्यक्ष श्रेयांक आनन्ध्द , शाखा उपाध्यक्ष रविन्ध्द्र कुमार गौड, शाखा सचिव नागेन्ध्द्र सिंह, संयुक्ध्त सचिव रोहित सिंह एवं कोषाध्यक्ष भावेश कुमार शुक्ध्ला ने भी सम्ध्बोधित किया । वक्ध्ताओं द्वारा कहा गया कि यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी तो हम सभी आगे और कडा कदम उठाने के लिए विवश होगें।

सभा के दौरान गिरीश तिवारी, ज्ञानेन्ध्द्र कुमार श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम शर्मा ,संतोष मालवीय, राजेश कुमार गुप्ध्ता, अरूण कुमार शुक्ध्ला,विजय कुमार यादव, लाल बहादुर यादव, तिलक राज सहित समस्ध्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विपक्षी दल हेगड़े के संविधान बदलने का विरोध करें- किशोर वार्ष्णेय

प्रयागराज(आरएनएस)। यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने बीजेपी सांसद अनंत हेगड़े के संविधान बदलने वाले बयान का विरोध किया है। उन्होंने इसे पीएम मोदी और भाजपा का सेट ऐजेंडा बताते कहा कि यह डा.अंबेदकर की सोच पर हमला है जो देश के लिए गंभीर खतरा है। भाजपा का आखिरी मकसद बाबा साहेब के संविधान को खत्म करना है। उन्हें लोकतंत्र, बराबरी और नागरिक अधिकार से नफरत है। मालूम हो कि हेगड़े ने कहा था कि अबकी बार 400 सीट पार चाहिए ताकि संविधान बदल सकें। वार्ष्णेय ने कहा कि सभी विपक्षी दलों को एकजुट हो देशव्यापी अभियान छेड़ भाजपा की खिलाफत करनी चाहिए। मोदी सरकार की गारंटी के मीडिया में लगातार आ रहे विज्ञापनों को चुनावी जुमला बताया। यह भी कहा कि पीएम को बीते दस साल में दी जाने वाली झूठी गारंटियों का जनता को पहले हिसाब देना चाहिए।

## प्रयागराज मंडल में खुलेंगे 156 नए महाविद्यालय

प्रयागराज(आरएनएस)। उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में बढ़ोत्तरी के साथ प्रदेश में नए महाविद्यालय भी खोले जा रहे हैं। प्रयागराज मंडल में प्रो. राजेंद्र सिंह राज्य विश्वविद्यालय ने इस मामले में बड़ी उड़ान भरी है। राज्य विश्व विद्यालय के रजिस्टार के संजय कुमार की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक मंडल में संबद्धता के लिए 156 कॉलेजों के आवेदन आए हैं। इसकी पूरी प्रक्रिया मई तक पूरी कर ली जाएगी। इस समय इस राज्य विश्वविद्यालय से 702 महाविद्यालय संबद्ध हैं।

# हंडिया के बाद अब घूरपुर में अफीम की खेती करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

## 57 किलो कच्ची अफीम बरामद, खेत सील

प्रयागराज(आरएनएस)। यमुना नगर के घूरपुर थाना अंतर्गत अमरेहा गांव में अफीम की अवैध खेती कर रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 57 किलो 600 ग्राम कच्ची अफीम (पौधे और फल) बरामद की। पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार को सूचना प्राप्त हुई कि घूरपुर थाना अंतर्गत एक गांव में कुछ लोग अफीम की खेती कर रहे हैं।

थाना प्रभारी ने मौके पर जाकर खेत को सील किया। उन्होंने बताया कि एसीपी कौंधियारा, नायाब तहसीलदार (बारा) और आबकारी निरीक्षक ने मौके का निरीक्षण किया और पाया कि लगभग 20 वर्ग मीटर क्षेत्र में अफीम की खेती की जा रही है। खेत से बरामद 57 किलो 600 ग्राम कच्ची अफीम (पौधे एवं फल) की अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये है।

सुश्री पांडेय ने बताया कि पुलिस ने अफीम की खेती किए जाने के संबंध में अभियुक्त मिश्री लाल और पंचराज कुशवाहा को गिरफ्तार किया है और इनके खिलाफ घूरपुर थाना में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जिले में बृहस्पतिवार को ही गंगा नगर के हंडिया थाना क्षेत्र में अफीम की

अवैध खेती के मामले में पुलिस ने विजय चंद्र मौर्या को गिरफ्तार किया और करीब 10 बिस्वा क्षेत्र में अफीम के लगभग 1500 पौधे और अफीम के 1718 फल (वजन 136 किलो 340 ग्राम) नष्ट किए जिनकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है।

# उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने के लिए प्रदेश में छात्र छात्राओं का बना रिकार्ड

### वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 54 लाख,76 हजार ,441 छात्र–छात्राओं ने परंपरागत पाठ्यक्रमों में लिया प्रवेश

प्रयागराज(आरएनएस)। प्रदेश की योगी सरकार प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और प्रसार के लिए भी प्रयास कर रही है। सरकार के इस प्रयास से जहां प्रदेश में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि हुई है तो वहीं उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। उच्च शिक्षा का विस्तार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में राज्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मौजूदा शैक्षणिक सत्र में लंबे वक्त के बाद रिकॉर्ड दाखिले हुए हैं। उच्च शिक्षा निदेशक डीपी शाही बताते हैं कि 2023–24 के शैक्षिक सत्र में 54,76,441 छात्र–छात्राओं ने परंपरागत पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया है जो कि 2017–18 सत्र के बाद सर्वाधिक है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से तैयार वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कुल 62 विश्वविद्यालयों और 7925 महाविद्यालयों में 54 लाख से अधिक युवाओं ने दाखिला लिया है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि पिछले साल की तुलना में रजिस्ट्रेशन में भी इस साल दस लाख से अधिक का इजाफा हुआ है। इसके अतिरिक्त इस सत्र में उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाली कुल विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। इस सत्र में कुल प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में 26,68,971 छात्रों ने प्रवेश लिया तो वहीं 28,07,470 छात्राओं ने उच्च शिक्षा में प्रवेश लिया है।

## राजधानी से आए ट्रेनर दे रहे एंबुलेंस कर्मियों को प्रशिक्षण

प्रयागराज(आरएनएस)। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा 102ध108 एंबुलेंस स्टाफ को बेहतर कार्य करने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को फर्स्ट एड देकर उनकी जान बचाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ट्रेनर आनंद राव द्वारा सभी इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन को सभी उपकरण बीपी मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, ग्लूकोमीटर, सक्शन मशीन, नेबुलाइजर का उपयोग एवं सही रखरखाव करने के लिए बिंदुवार जानकारी दी गई। उन्होंने गोल्डन आवर के बारे में बताया कैसे मरीज को समय से तेज प्राथमिक उपचार देते हुए अस्पताल पहुंच कर जान बचाई जा सकती है। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज प्रदेश में चल रहे 102ध108 के सर्विसेज को बेहतर बनाने के लिए जनपदों में कार्य कर रही है। रीजनल मैनेजर शरदेंदु शुक्ला व प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार दुबे ने बताया समय–समय पर स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही सभी एंबुलेंस कर्मियों का निरीक्षण भी किया जाता है।


## राजधानी से आए ट्रेनर दे रहे एंबुलेंस कर्मियों को प्रशिक्षण

### तीन दिवसीय एंबुलेंस कर्मियों के प्रशिक्षण का दूसरा बैच पूरा हुआ

प्रयागराज(आरएनएस)। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा 102ध108 एंबुलेंस स्टाफ को बेहतर कार्य करने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को फर्स्ट एड देकर उनकी जान बचाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ट्रेनर आनंद राव द्वारा सभी इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन को सभी उपकरण बीपी मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, ग्लूकोमीटर, सक्शन मशीन, नेबुलाइजर का उपयोग एवं सही रखरखाव करने के लिए बिंदुवार जानकारी दी गई। उन्होंने गोल्डन आवर के बारे में बताया कैसे मरीज को समय से तेज प्राथमिक उपचार देते हुए अस्पताल पहुंच कर जान बचाई जा सकती है।ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज प्रदेश में चल रहे 102ध108 के सर्विसेज को बेहतर बनाने के लिए जनपदों में कार्य कर रही है। रीजनल मैनेजर शरदेंदु शुक्ला व प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार दुबे ने बताया समय–समय पर स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही सभी एंबुलेंस कर्मियों का निरीक्षण भी किया जाता है।


# मिचेल, वान्या, प्रताप सिंह, अक्षत, अदिति एवं ईशा प्रथम

प्रयागराज(आरएनएस)। कौशाम्बी ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित मासिक कलर बेल्ट परीक्षा में मिचेल रावत, वान्या श्रीवास्तव, प्रताप सिंह, अक्षत कुमार चतुर्वेदी, अदिति सिंह व ईशा मिश्रा ने क्रमशः पीली बेल्ट, हरी बेल्ट, हरी एक बेल्ट, नीली बेल्ट, नीली एक बेल्ट और लाल बेल्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।जीनियस पब्लिक स्कूल झलवा के प्रांगण में शुक्रवार को संपन्न हुई परीक्षा में करीब 260 खिलाड़ियों ने भाग लिया।एसोसिएशन के सचिव कामेश शर्मा, अध्यक्ष अनुराग सिंह, इम्तियाज, आशीष आर्या, नकुल तिवारी, अनिल सिंह, आकाश सोनी व रवि कुमार मुख्य परीक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपसचिव आकाश ने किया।परीक्षा में अपनी–अपनी बेल्ट में सफल होने वाले खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं।'सफेद बेल्ट'–आशीष सिंह, दीपक कुमार, अतुल कुमार, आदित्य कुमार, सूरज भान, सोनाली प्रकाश, पियूषी कुमार, मिचेल रावत, निशु प्रजापति, अरिहंत सिंह, अथर्व सिंह राठौड़, सक्षम केसरवानी, अचिंत्य सिंह, मोहम्मद अदन, रिद्धिमा सिंह, आशी पटेल, पवन राय, पलक राय, अमन कुमार सरोज।'पीली बेल्ट'–अंकुश साहू, यशवर्धन राय, अरविंद राय, सिद्धार्थ सिंह, श्रद्धा सिंह, मोहम्मद नसर आलम, शौर्य प्रताप सिंह ,अनुराग त्रिपाठी, समृद्धि मिश्रा, वैभव अग्रवाल, शिवोहम श्रीवास्तव, काजल कुमारी, प्रथमेश कुमार मिश्रा, अमृता सिंह राठौड़, पावनी मिश्रा, पावनी मिश्रा।'हरी बेल्ट'–सहर्ष तिवारी, वान्या श्रीवास्तव, आयुष्मान मिश्रा, देवन सिंह, आन्या सिंह, अभिज्ञान मिश्र, गौरव सिंह, अव्या उपाध्याय, रोहित भट्टाचार्य, आस्था सेन, लक्ष्य शुक्ला, उत्कर्ष कृष्ण पाल, आर्य केसरवानी, आयुष कुमार, सवी वर्मा, अनुपमकुमार चतुर्वेदी, सृजन चौरसिया,श्रुति चौरसिया, शोभित राय, अथर्व, गीतांजलि।'हरी एक बेल्ट'–प्रताप सिंह अक्षय कुमार चतुर्वेदी कार्तिकेय केसरवानी आस्था यादव किंजल जैन कात्यानी सिंह श्रेया श्रीवास्तव अर्थ रिंकी।'नीली बेल्ट'–अनिकेत साहू, लकी यादव, आदित्य सिंह, भूमिका तोमर, भौमिक तोमर, हर्ष सिंह, परिहार।


## मिचेल, वान्या, प्रताप सिंह, अक्षत, अदिति एवं ईशा प्रथम

प्रयागराज(आरएनएस)। कौशाम्बी ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित मासिक कलर बेल्ट परीक्षा में मिचेल रावत, वान्या श्रीवास्तव, प्रताप सिंह, अक्षत कुमार चतुर्वेदी, अदिति सिंह व ईशा मिश्रा ने क्रमशः पीली बेल्ट, हरी बेल्ट, हरी एक बेल्ट, नीली बेल्ट, नीली एक बेल्ट और लाल बेल्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।जीनियस पब्लिक स्कूल झलवा के प्रांगण में शुक्रवार को संपन्न हुई



हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।